रांची, शनिवार, 16 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण प्रतिपदा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 70 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ बुलडोजर न्याय में हो रही मनमानी पर रोक

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, 135 रनों से दी मात, सीरीज पर भी कब्जा ◂◂ 6







# बीआईटी मेसरा में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट, एक की मौत

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के बीआईटी मेसरा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों के बीच मारपीट की घटना सामने आयी है। जिसमें एक छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक छात्र के परिजनों ने कॉलेज पहुंचकर जमकर हंगामा किया और तोड़-फोड़ की। परिजनों ने घटना में शामिल छात्रों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए बीआईटी ओपी थाने में प्रदर्शन किया।



**क्या है मामलाः** बताया जा रहा है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद मारपीट की घटना हुई। इस दौरान एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक छात्र का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है, लेकिन परिजनों और समर्थकों ने घटना के बाद कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ की और गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**रैगिंग की बात आ रही सामनेः** पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में रैगिंग या किसी निजी विवाद की संभावना से इंकार नहीं किया गया है। पुलिस ने सभी पहलुओं पर ध्यान देते हुए जांच को आगे बढ़ाया है, जिसमें मारपीट की वजह, शामिल छात्रों की पहचान और घटना से जुड़े अन्य कारणों की तहकीकात की जा रही है।



**शव के साथ थाने का घेरावः** मृतक छात्र के परिजनों ने कॉलेज परिसर में हंगामा किया और मृतक के शव के साथ बीआईटी ओपी थाने का घेराव किया। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन और पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है, इसलिए वे न्याय की गुहार लगाने थाने पहुंचे हैं। इस घटना के बाद कॉलेज में सुरक्षा की स्थिति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**कॉलेज प्रशासन की चुप्पीः** बीआईटी पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रशासन ने फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। वहीं, रांची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

## प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर तंज

# 'समय बदल गया है, अब आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं'



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा है और कहा कि अब आतंकी अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस करते हैं, जबकि पिछली सरकारों में आतंकवाद के चलते लोग असुरक्षित महसूस करते थे। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की, लेकिन अब हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोगों का विश्वास सरकार में बहाल हो।

**'अब आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं':** कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'उन्होंने शनिवार को एक प्रदर्शनी के दौरान 26/11 के मुंबई हमले से जुड़ी रिपोर्ट्स को देखा। उस समय आतंकवाद लोगों को डराता था और लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी ही अपने घरों में असुरक्षित महसूस करते हैं।'

**'लोगों की आकांक्षाएं हमारी नीति का आधार':** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक की राजनीति की, जबकि मौजूदा सरकार लोगों का विश्वास सरकार में बहाल करने की कोशिशों में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का मंत्र जनता की सरकार, जनता के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत अभूतपूर्व आकांक्षाओं से भरा हुआ है और हमने इन आकांक्षाओं को अपनी नीतियों का आधार बनाया है। हमने 10 वर्षों में बीते 70 साल से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए हैं।

**देश का युवा जोखिम लेने के लिए तैयारः** पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारें लोगों में उस उत्साह का संचार नहीं कर पाईं, जो जोखिम लेने के लिए जरूरी था। बीते 10 वर्षों में हमने देश के युवाओं में जोखिम लेने की क्षमता विकसित की है। इसी का नतीजा है कि देश में अब 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं और अब युवा देश को गौरवान्वित करने के लिए ललायित है। अपनी सरकार की स्वच्छता नीति की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शौचालय निर्माण से न सिर्फ देश में स्वच्छता बढ़ी है बल्कि इससे बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी हुआ।

## यूपी के बिजनौर में दर्दनाक हादसा, सात की गई जान

**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। घने कोहरे में कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# हम जोड़ते हैं और जोड़ते रहेंगेः हेमंत सोरेन

**रांचीः** सीएम हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक अलग ढंग से जवाब दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, हम जोड़ते हैं और जोड़ते रहेंगे। उनके लिए यह स्पष्ट है कि प्रभु श्री राम, भगवान बिरसा, और आराध्य सिद्धो-कान्हू का आक-सार (तीर-धनुष) उनकी पहचान का हिस्सा है।



सीएम सोरेन ने योजनाओं की एक सूची जारी करते हुए कहा कि वे गर्व के साथ बताते हैं कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में कोई जातिगत भेदभाव नहीं है। यदि कोई झारखंडी है और आयकर देने में सक्षम नहीं है, तो उसे राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा। इनमें मईंयां सम्मान योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त (जो कि 40 लाख परिवारों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है), पूरी बकाया बिजली बिल की माफी, अबुआ आवास योजना और 15 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज शामिल हैं। इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए केवल दो मुख्य शर्तें हैं- आप आयकर देने में सक्षम नहीं होना चाहिए और झारखंडी होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की किसी भी योजना को उठाकर देख लीजिए, वह समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का काम करती है।

## वोटिंग से पहले बोकारो में नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी, कहा, चुनाव का करें बहिष्कार

**बोकारोः** बोकारो में माओवादियों ने पोस्टरबाजी कर दहशत फैलाया है। भाकपा माओवादियों ने जगह जगह पोस्टर लगाकर वोट बहिष्कार करने का अह्वान किया है। मामला शुक्रवार शाम पेंक नारायणपुर और नावाडीह थाना क्षेत्र के पलामू व सारुबेड़ा का है। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। बता दें कि इससे पहले पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में भी पहले चरण के मतदान दिन नक्सलियों ने पोस्टर लगाकर वोट बहिष्कार करने की अपील की थी। भाकपा माओवादियों ने की वोट बहिष्कार की अपीलः भाकपा माओवादियों ने गांव में चार अलग-अलग पोस्टर लगाया है। पहले पोस्टर में लिखा गया है वोट क्यों? जंल, जंगल, जमीन से बेदखल करने के लिए वोट का बहिष्कार करें। उन्होंने आगे लिखा है कि राजनीतिक संयुक्त मोर्चा आरपीसी बनाने के लक्ष्य से मजदूर किसान और तमाम प्रगतिशील, उत्पीड़ित, मेहनतकश जनता एक हों और चुनाव का बहिष्कार करें।

**नक्सलियों ने बीजेपी को बताया किसान विरोधीः** भाकपा माओवादियों ने अपने साटे गये पोस्टर में नोटा को वर्तमान संसदीय व्यवस्था का पर्दा बताया है।

# झांसी के अस्पताल में लगी आग, झुलसकर 10 नवजातों की मौत

## कई साल से एक्सपायर थे आग बुझाने वाले सिलिंडर



**झांसीः** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा वार्ड (एसएनसीयू) में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की झुलसने एवं दम घुटने से मौत हो गई। जिस वार्ड में आग लगी थी, वहां 55 नवजात भर्ती थे। 45 नवजात को सुरक्षित निकाल लिया गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आग बुझाने वाले सिलिंडर एक्सपायर हो चुके थे। ये सिलिंडर से आग काबू पाने में नाकाम साबित हुए।

झांसी मेडिकल कॉलेज में आग से बचाव के लिए लगे फायर इंस्टीग्यूशर गवाही दे रहे हैं कि कोई दो साल पहले तो कोई एक साल पहले अपनी उम्र पूरी कर चुका था। जिसकी वजह से ये सिलिंडर आग बुझाने में नाकाम साबित हुआ। एक सिलिंडर पर 2019 की फिलिंग डेट है, एक्सपायरी डेट 2020 की है। यानि फायर सिलिंडर को एक्सपायर हुए कई साल हो चुके थे। यह सिलिंडिर खाली दिखावे के लिए यहां रखे हुए थे।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि फरवरी 2024 में मेडिकल कॉलेज में फायर सेफ्टी की व्यवस्थाएं देखी गई थी। जून में ट्रायल भी किया गया था, मगर अफसोस की बात यह है कि एसएनसीयू में शुक्रवार की रात आग लगने की घटना हुई और 10 नवजात शिशुओं ने जलने से दम तोड़ दिया। यहां पर आग से बचाव के लिए लगे फायर इस्टिंगयुशर गवाही दे रहे हैं कि कोई दो साल पहले तो कोई एक साल पहले अपनी उम्र पूरी कर चुका था। जिसकी वजह से आग बुझाने में नाकाम साबित हुआ।

इससे पहले यह जानकारी सामने आई थी कि नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में आग से बचाव के लिए सेफ्टी अलार्म लगाए गए थे, लेकिन आग लगने पर सेफ्टी अलार्म नहीं बजा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है धुआं फैलने के बाद चारों ओर चीख-पुकार मच गई। अगर सेफ्टी अलार्म समय पर बजता तब बचाव कार्य जल्द शुरू हो सकते थे। नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में लगी आग चंद मिनट में फैलकर दरवाजे तक पहुंच गई। इस वजह से भीतर जाने का रास्ता नहीं मिल रहा था। दमकलकर्मियों ने पीछे के रास्ते अंदर जाने की कोशिश की लेकिन, कामयाब नहीं हुए। इसके बाद वार्ड की खिड़की के कांच तोड़कर किसी तरह दमकलकर्मी अंदर पहुंचे। अंदर आग की लपटों के साथ धुआं भरा था। आग लगने के करीब आधे घंटे बाद बचाव कार्य शुरू हो सका। इसके बाद दमकलकर्मियों ने नवजातों को बाहर निकालना शुरू किया।

ग्राउंड फ्लोर होने से नवजात बाहर निकाले जा सके। अगर हादसा दूसरी मंजिल पर होता, तब बचाव कार्य में और मुश्किल होती। एसएनसीयू वार्ड की दो यूनिट हैं। एक यूनिट अंदर और दूसरी बाहर की तरफ है। सबसे पहले जो नवजात बाहर की ओर थे, उनको बाहर निकाला गया। अंदर की तरफ जो बच्चे थे, वो काफी झुलस गए। यहां भर्ती बच्चों को बचाया नहीं जा सका।

**नवजातों को बचाने के लिए मची अफरातफरीः** नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एसएनसीयू) से आग की लपटें बाहर आतीं देख परिजन चीखते वार्ड को ओर दौड़ पड़े। कई परिजन लपटों की परवाह किए बगैर अंदर जा घुसे। फायरकर्मियों ने उनको बाहर किया। अफरातफरी के बीच दमकलकर्मी वार्ड के भीतर पहुंच सके। उसके बाद वार्ड से भर्ती नवजात बाहर निकाले जाने लगे। नवजातों को बाहर निकालते ही कई परिजन बदहवास हाल में उनको उठाकर अपने साथ ले गए।

एसएनसीयू वार्ड में जन्म के बाद पीलिया, निमोनिया से पीड़ित नवजात रखे जाते हैं। महज चंद घंटे की उम्र होने के नाते पहचान के लिए इनके हाथ में सिर्फ मां के नाम की स्लिप अथवा पांव में रिबन लगी होती है लेकिन, आगजनी के बाद अफरातफरी में अधिकांश नवजातों के हाथ की स्लिप निकल गई। इनको बाहर निकाला गया तो इनके पास कोई पहचान चिह्न नहीं था। अधिकांश परिजनों को जो नवजात मिला, उसे उठाकर वह ले गए।

## झांसी अग्निकांडः जिसके हाथ जो बच्चा लगा उसे अपने जिगर का टुकड़ा समझ ले भागा

**झांसीः** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (नीकू) वार्ड में लगी आग में 10 बच्चों की मौत से व्यथित परिजनों में भारी पीड़ा और आक्रोश दिखाई दे रहा है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन उनकी कोई मदद नहीं कर रहा है। जिन बच्चों को निकू वार्ड से बचकर एमर्जेंसी में भी भर्ती कराया गया है, उनके बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। परिजनों का कहना है कि जिस समय आग लगी उसे समय जिसके हाथ जो भी बच्चा लगा उसे लेकर वह बाहर भागे, ऐसे में जिन बच्चों पर टैग लगे थे, वह टैग भी निकल गए और यह किसी को नहीं पता है कि किसका बच्चा किसके पास है। परिजनों ने एक स्वर से सभी बच्चों का डीएनए परीक्षण किए जाने की मांग उठाई है। एक परिजन ने कहा कि जब रात में उसने एमर्जेंसी में जाकर देखा तो वहां उनके बच्चे को मृत घोषित कर जाने की घोषणा की जा रही थी, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि किस आधार पर उन्होंने मेरे बच्चे को मृत घोषित कर दिया है। मुझे न तो शव दिया गया है और न ही किसी अधिकारी द्वारा कोई जानकारी ही दी जा रही है। उसने बताया कि अफरा तफरी में वह भी एक बच्चे को लेकर भागा था, जिसे वह अपने साथ प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गया और वहां उसका इलाज कराया जा रहा है। उसने पुरजोर कहा कि वह बच्चा उसका नहीं है वह यह बच्चा तब तक वापस नहीं करेगा जब तक उसके बच्चे के बारे में जानकारी नहीं मिल जाती है कि उसका बच्चा कहां है जिंदा है तो कहां है और अगर मृतक है तो उसका शव कहां है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाल दिवस पर आयोजित की गयी चित्रकला प्रतियोगिता

**वैशाली ( गाज़ियाबाद) :** बाल दिवस के अवसर पर सविधन डेंटल स्क्वायर और ऑल इंडिया ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट्स एसोसिएशन (दिल्ली शाखा) के सहयोग से एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें कई दिव्यांग बच्चों की भागीदारी ने इसे और भी विशेष बना दिया। सविधन डेंटल स्क्वायर के निदेशक डॉ मयंक शर्मा ने बच्चों में दंत स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे लाफिंग गैस के माध्यम से दर्दरहित डेंटिस्ट्री का उपयोग असहयोगी और दिव्यांग बच्चों के दंत उपचार में वरदान साबित हो रहा है। डॉ शिवांगी जैन शर्मा ने अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए, बच्चों को नियमित रूप से दंत स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।
ऑल इंडिया ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट्स एसोसिएशन (दिल्ली शाखा) के सह संयोजक डॉ। नीरज मिश्रा ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में दंत स्वास्थ्य की अनदेखी को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजनों से दिव्यांग बच्चों को प्रेरणा मिलती है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। यह आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का एक सफल प्रयास साबित हुआ।

### मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर के लिए रेलवे लेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक

**रांची :** रांची रेल मंडल के तहत मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए भारतीय रेलवे ने 25 नवंबर से छह दिनों तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। इस दौरान रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। खासकर रांची-लोहरदगा-रांची मेमू स्पेशल (ट्रेन संख्या 08693/08694) को 25, 29, 30 नवंबर, 1, 2 और 3 दिसंबर को रद्द कर दिया गया है।
क्यों रेलवे लाइन हो रही ब्लॉकः रेलवे ने बताया कि यह ब्लॉक एलएंडटी कंपनी के अनुरोध पर लिया गया है, जो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। रेलवे के अनुसार, दूसरा ब्लॉक एलएंडटी की ओर से नए प्रस्ताव आने के बाद लिया जाएगा। यह ब्लॉक रात के समय लिया जाएगा और इसके दौरान निर्धारित घंटों के लिए ट्रेन सेवाओं को बंद किया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण लोहरदगा प्लेटफार्म से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा, जिससे यात्रियों को असुविधा हो सकती है। हालांकि, रेलवे ने इसे एक जरूरी कदम बताया है ताकि भविष्य में बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।
मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवरः मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर राज्य का पहला केबल स्टे ब्रिज बनने जा रहा है, जो तकनीकी रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। फिलहाल फ्लाईओवर के एक पिलर का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे पिलर का काम तेजी से जारी है। हालांकि, एलएंडटी कंपनी को पथ निर्माण विभाग ने नवंबर तक काम पूरा करने का लक्ष्य दिया था, लेकिन समय सीमा में काम पूरा नहीं हो सका है।
रेलवे व एलएंडटी की बैठक में बनी सहमतिः कुछ दिनों पहले, रेलवे के डीआरएम और एलएंडटी के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में ब्लॉक लेने पर सहमति बनी थी। इससे पहले, एलएंडटी ने दो बार ब्लॉक का प्रस्ताव दिया था, लेकिन विभिन्न कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था।

### अबुआ दिशुम राज्य का सपना अब भी अधूरा : देवेंद्रनाथ महतो

**मुरीः** सिल्ली बन्ता में भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस मनाया गया एवं उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रेरणा लिया गया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने बंता चौक में धरती आबा के आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए उनके विचारधारा का प्रेरणा लिया गया। मौके में संगठन के पदाधिकारी संजीव महतो, रविंद्र कुमार दीपक, विमल महतो व अन्य मौजूद रहे। प्रत्याशी श्री महतो ने कहा कि धरती आबा के सपनों को साकार करने के लिए राज्य के लोगों ने मन बना लिया है। नए बदलाव के तर्ज पर इस बार मतदान किया जाएगा। इसके उपरांत जनसंपर्क करते हुए राहे पहुंचे। राहे के रामडेरा कोंताटोली में भगवान बिरसा मुंडा का अभिभाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि रविवार को संपूर्ण सिल्ली विधानसभा स्तरीय विशाल बाइक रैली निकाला जाएगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लिया गया है।
प्रत्याशी श्री महतो ने बंता, दोवाडु, पतराहातु, बड़ा चांगडु, बंसिया एवं बसंतपुर पंचायत का दौरा किया।

### आजसू व भाजपा के कई कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल

**सिल्लीः** झामुमो प्रधान कार्यालय सिल्ली में हलमाद पंचायत के आजसू पार्टी व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सह जुमला वार्ड 3 कुशमी देवी के पति नरेश मुंडा के नेतृत्व में, हाकेदाग पंचायत से झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह हाकेदाग पंसस लखिराम बेदिया के नेतृत्व में, नागेडीह पंचायत से पंचायत अध्यक्ष नरेश मांझी एंव लोटा पंचायत से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिल्ली राधिका महतो के नेतृत्व में आजसू व भाजपा के सैकड़ो लोग झामुमो में शामिल हुए। इन सभी को पूर्व विधायक सीमा महतो ने पार्टी का पट्टा बनाकर स्वागत किया।

### सृष्टिधर महतो ने भाजपा उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

मुरीः आज सिल्ली के सबसे पुराने व वरिष्ठ भाजपा सिपाही ने वर्तमान में उपाध्यक्ष सिल्ली मंडल से इस्तीफा दिया। सबसे पहले इस्तीफा सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक को वाट्स अप भेज दिया गया। सिल्ली जाकर अध्यक्ष को पर्सनल रुप से जाकर जानकारी दी। इस्तीफा का कारण उन्होंने व्यक्तिगत इच्छा बताई।

### धूमधाम के साथ मनायी गयी 150वीं बिरसा जयंती

बहरागोड़ा : शुक्रवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित नेताजी शिशु उद्यान परिसर में बहरागोड़ा सरना समिति के अध्यक्ष और भारत मुंडा समाज के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुंडा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिशु उद्यान में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तथा अन्य महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कृष्ण मुंडा ने इस मौके पर बिरसा मुंडा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।
साथ ही, खंडामौदा गांव में बिरसा समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में खंडामौदा पंचायत के मुखिया पंचानन मुंडा, सेवानिवृत्त शिक्षक कार्तिक चंद्र मुंडा, ईश्वर चंद्र मुंडा, शिक्षक भूतनाथ मुंडा ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और धूप-दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।
इसके अलावा, बहरागोड़ा प्रखंड सभागार में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती तथा प्रखंड और अंचल के कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी पंचायतों के पंचायत भवनों में भी बिरसा जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# झामुमो विधायक दिनेश विलियम मरांडी भाजपा में शामिल

## टिकट न मिलने से थे नाराज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दिनेश विलियम मरांडी शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इस बार झामुमो ने उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया था, जिससे वह नाराज थे। लिट्टीपारा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की चुनावी रैली के दौरान मरांडी ने भाजपा की सदस्यता ली। चौहान ने मरांडी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि वे दोनों मिलकर झारखंड के विकास और यहां के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगे।
भाजपा में शामिल होने के कुछ घंटों बाद, झामुमो ने मरांडी को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। सत्तारूढ़ दल ने मरांडी को लिखे अपने पत्र में कहा



कि उन्हें बृहस्पतिवार को कारण बताओ नोटिस दिया गया था, लेकिन वह समय सीमा के भीतर जवाब देने में विफल रहे। झामुमो ने पत्र में कहा, 'आपको पार्टी के सभी पदों से हटा दिया जाता है और अगले छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया जाता है।'
पार्टी नेतृत्व की धमकियों के कारण झामुमो छोड़ने का फैसला कियाः मरांडी ने बताया कि उन्होंने टिकट न मिलने और पार्टी नेतृत्व की धमकियों के कारण झामुमो छोड़ने का फैसला लिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता साइमन मरांडी झामुमो के संस्थापकों में से एक थे और मैंने पार्टी को मजबूत करने के लिए वर्षों तक काफी मेहनत की, लेकिन अब झारखंड के विकास के लिए मुझे पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। 2019 के चुनाव में मरांडी ने भाजपा के डेनियल किस्कू को 13,903 वोटों से हराकर पाकुड़ जिले की लिट्टीपारा सीट जीती थी। चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमलाः चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने झारखंड को 'भ्रष्टाचार, खराब प्रशासन और घोटालों का केंद्र' बनाने का आरोप लगाया। चौहान ने दावा किया कि झारखंड के लोग भ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस नीत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं।

## बीजेपी का एकमात्र एजेंडा नफरत फैलानाः कुणाल षाड़ंगी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्लीः** झारखंड में चुनाव से पहले घुसपैठ के नाम पर भाजपा हौवा खड़ा किया है प्रधानमंत्री और गृहमंत्री लोगों का ध्यान असल मुद्दा से भटकाने के लिए एक नया सफेद झूठ लेकर आये है गृह मंत्री अमित शाह बेरोजगारी पर एक शब्द नहीं बोलते, केवल लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए कह रहे है । आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है घुसपैठिया आदिवासी लड़की से शादी कर है जमीन हड़प रहे है जबकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर यह कानून लागू नहीं होता। इस वजह से, अनुसूचित जनजाति की बेटियां पिता की संपत्ति पर दावा नहीं कर सकतीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 1956 से पहले के कानून के तहत बेटियों को समान अधिकार मिलने चाहिए यह बातें बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी ने पार्टी प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में चुनावी पदयात्रा व जनसंपर्क के दौरान कहा। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी



अमित महतो के साथ विस क्षेत्र के बूढ़ागुजु से पतराहातु तक 12 किमी पथयात्रा किया और लोगों से 20 तारीख को तीर धनुष छाप में बटन दबाकर रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का अपील किया। आगे उन्होंने कहा हेमंत सोरेन की नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनती है तो अमित महतो को बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। वही झामुमो में पून शामिल होने की पत्रकार के सवाल पर षड़ंगी ने कहा मैंने स्पष्टता कहा है हेमंत सोरेन को मालूम है मेरी उपयोगिता कहां है उन्होंने मुझे परिवार में बुलाया है और उस परिवार में मैं हूं मेरे लिए लोकसभा और राज्यसभा कोई मायने नही रखता है ।
षड़ंगी ने घुसपैठ पर साधा गृहमंत्री पर निशाना : षडंगी ने कहा देश का दुर्भाग्य है भारत का गृहमंत्री - राज्य सरकार को घुसपैठ के लिए दोषी बता रहा है। जबकि देश की सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा बलों के पास होती है। झारखंड से कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं लगती है, जिससे घुसपैठ हो। उन्होंने अमित शाह को अपने गिरेबान में झांककर देखने का नसीहत दिया।

## सत्ताधारी दल की हताशा और बेचैनी साफ दिख रही हैः सरमा

**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रचार के बीच राजनीतिक दलों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप भी हो रहे हैं। झारखंड में भाजपा के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए और कहा कि सत्ताधारी दल की हताशा और बेचैनी साफ दिख रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए झारखंड पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह जिस गेस्ट हाउस में रुके थे, वहां झारखंड पुलिस ने छापेमारी की है। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर की रात झारखंड पुलिस की कार्रवाई दिखाती है कि सत्ताधारी दल की बेचैनी बढ़ रही है।
झारखंड पुलिस ने बिना किसी ठोस कारण के छापेमारी कीः उन्होंने सरकारी अधिकारियों से कानून के दायरे में रहकर कर्तव्यों का निर्वाह करने की अपील की। पुलिस की छापेमारी को झारखंड मुक्ति मोर्चा की हताशा का नतीजा बताते हुए असम के मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह 11 नवंबर की रात रांची के सरला बिरला स्कूल गेस्ट हाउस में ठहरे थे। आज झारखंड पुलिस ने बिना किसी ठोस कारण के इस संस्थान पर छापा मारा।'
'राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए निष्पक्षता से समझौता न करें': सीएम हिमंत ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से सत्तारूढ़ सरकार कीं बढ़ती बेचैनी स्पष्ट होती है। मैं सभी सरकारी अधिकारियों से अपील करता हूं कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कानून के दायरे में रहकर करें। कानून का पालन सर्वोपरि है; अनावश्यक दबाव में न आएं और राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए अपनी ईमानदारी और निष्पक्षता से समझौता न करें।
रक्षा मंत्री राजनाथ ने भी विपक्ष पर निशाना साधाः बता दें कि इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रांची के खिजरी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी संपत्ति है और भाजपा कभी भी इससे समझौता नहीं करती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीतिक लाभ पाने और मतदाताओं को लुभाने के लिए अन्य राजनीतिक दल झूठे वादे करते हैं। रक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां सत्ता बरकरार रखने के लिए जनता को धोखा देती हैं।

## 43 में 38 सीट हमारी गठबंधन जीतेगी फिर 38 में 35 पर होगी जीतः सुप्रियो

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। आज की तिथि में हम लोग अपने राज्य के रजत जयंती में प्रवेश कर रहे हैं। आज देव दिवाली भी है, कार्तिक पूर्णिमा है, गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व भी है, बहुत से शुभ दिन हैं। लेकिन इस शुभ दिन में जो अशुभ शक्तियां झारखंड में मंडरा रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग उनके नेतागण। इस प्रकार समाज को बांटने की बात कर रहे, धर्म से धर्म को अलग करके लोगों को बांटा जा रहा है। पूरी शक्ति के साथ पहला फेज में जब पूरा झारखंड के 43 जगहों से आवाज आयी कि हम बीजेपी को नकारते हैं, उसके बाद भी संथाल प्रगना व कोयलांचल के इलाके में जिस प्रकार का अपने वाक्यों से जो प्रदूषित कर रहे। माहौल को यह इंगित करता है कि अब राज्य का स्टेटस भी छीनने की तैयारी में हैं। वह शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे।
असम के सीएम को ये आदिवासी स्मीता की बात करते हैं। इन्होंने मेजोरम में डेढ़ साल पहले जो आग लगाया वहां के आदिवासी आज तक भुगत रहे हैं। असम में आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार हुए। ऐसे शर्मनाक घटनाओं से मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम जब वे सीएम थे, आदिवासियों पर शोषण किया और यहां आदिवासी की सम्मान की बात करते हैं, यह तो हद हो गई है। मंईयां सम्मान योजना को लेकर ये लोग हाईकोर्ट चले गये। माताओं को पैसा मत दो, हाईकोर्ट से इसे सराहा है। सुप्रियो ने कहा कि 11 दिसंबर को 2500 रुपये मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जायेगी। इसे कैबिनेट से पास किया गया है, इसे कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों के बीच बिखराब किया जा रहा है। यहां बाबा बैजनाथ हैं, जो हम लोग बचे हुए हैं। सारी हरकत चुनाव आयोग के संरक्षण में हो रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी डॉ मंजु कुमारी ने जमुआ में चलाया जनसंपर्क अभियान



**गिरीडीहः** जमुआ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ मंजु कुमारी ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने समर्थकों के साथ तरडीहा, पांडेडीह, सोहागढ़, नारोंबाद, डुमरडीहा, भीखोडीह, प्रतापपुर, कंदाजोर, टीकामघा, खरगडीहा, चकमजों, बदडीहा-2, मघाकला, हरला, चितरडीह समेत दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से वोट मांगा। जनता से कहा कि यह चुनाव हम नहीं जमुआ विधान सभा क्षेत्र की आम जनता लड़ रही है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि इस बार जमुआ की जनता का रुझान भाजपा के पक्ष में है। अगर जनता का आशीर्वाद मिला, तो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह,युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राहुल सिंह, अनिल महथा, भूदेव सिंह,संदीप वर्मा, लुटन महतो, अशोक हाजरा, दरोगी सिंह, कृष्णा सिंह,

## पतंजलि परिवार योग समिति का निःशुल्क तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में निशुल्क तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का स्थल चंदवारा प्रखंड उरमा मोड़ गांव शिव मंदिर के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन हुआ । शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलित योगाचार्य सुषमा सुमन, विनोद यादव, मुंशी चौधरी,मंजू देवी, रीना देवी ,लक्ष्मी देवी ,उषा देवी ,योगी प्रदीप कुमार व सुमन ने संयुक्त रूप से किया। समाजसेवी विनोद यादव ने संबोधित करते हुए बोले प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है जो हम लोग को योग कैसे करें इसकी जानकारी नहीं रहने के चलते हम हम लोग बीमार होते हैं और डॉक्टर के पास जाकर हजारों रुपए खर्च करते हैं जो आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर कर देता है आज बहुत उरमा गांव के लिए सोभागय का दिन है जो आज सीखने का मौका मिल रही है । पूरे गांव की ओर से योग क्रांति जोड़ी सुषमा सुमन और प्रदीप



सुमन जी को बहुत-बहुत बधाई जो प्रत्येक गांव में जा जाकर आरोगय का अलख जगा रहे हैं। योगाचार्य सुषमा सुमन ने योग शिविर शुरूआत करते हुए पहले दिनचर्या के बारे में बताई और बोली की आप स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है । ठंड के समय गर्म पानी सुबह जरूर पिए और ठंड के समय में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। उसको खत्म करने के लिए प्राणायाम और व्यायाम दोनों करना बहुत जरूरी है इससे हार्ट का प्रॉब्लम बीपी का प्रॉब्लम जोड़ों का दर्द सब में लाभ मिलती है सुषमा सुमन ने बताई की स्वामी रामदेव महाराज जी का एक सोच और संकल्प है अंतिम व्यक्ति तक योग पहुंचाना और उसका लाभ बताना और बीमार होकर के कोई व्यक्ति का मृत्यु ना हो उसके लिए घर-घर जाकर योग सिखाना जो व्यक्ति प्रत्येक दिन 90 मिनट अपने शरीर के लिए योग का अभ्यास करते हैं सारी बीमारी से मुक्ति पाए हैं इसलिए योग करना बहुत जरूरी है ठंड के मौसम में योगिन जोगिन सूर्य नमस्कार साधारण दाडं बैठक और भस्त्रिका प्राणायाम कपालभाति अनुलोम विलोम बहुत महत्वपूर्ण है मंच संचालन करते हुए प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की जो गांव नहीं हो पाई है योग शिविर वह गांव में योग को पहुंचाना और दूसरे जिला में भी योग का सेवा करना और 2025 तक 200 गांव में योग शिविर लगाया जाएगा और घरेलू उपयोग आयुर्वेद का परामर्श भी बताया जाएगा । आज के शिविर में उपस्थित बुलाकी यादव नीतीश कुमार ,आर्यन कुमार, प्रिंस कुमार ,रोशन कुमार ,रोशनी कुमारी ,तन्या कुमारी, बासुदेव चौधरी ,शिवम कुमार, अभय कुमार ,सौरभ कुमार ,सत्यम कुमार, सुहानी कुमारी, पूजा कुमारी, प्रिंस कुमार ,सागर कुमार , लक्ष्मी कुमारी ,अमन कुमार ,रितिका शर्मा सभी शिविर में भाग लेकर योग का लाभ लिए।

झारखंड चुनाव

## दो विचारधाराओं प्रेम और नफरत के बीच मुकाबलाः तेजस्वी यादव



**रांची/ देवघरः** झारखंड चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला करार देते हुए कहा कि एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसरी प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है।

देवघर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) पर राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में सरकार बनाने के अपने प्रयासों में विफल रही थी, जिसके बाद उसने राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था। यादव ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला के बीच मुकाबला है। एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसर प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है।

## सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल

रांचीः सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए 18-19 नवंबर, 2024 को मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम, श्यामली कॉलोनी, रांची में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाना है। ज्ञात हो कि सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट टीम रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेती है। सेल टीम में चयन के इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों को 18-19 नवंबर को सुबह 8 बजे मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ियों को उपरोक्त तिथियों पर सुबह 8 l00 बजे एसके मंडल (7004204948)/ केपी पात्रा (8986880311) को रिपोर्ट करना चाहिए। चयनित खिलाड़ियों को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

# झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या से डरी भाजपाः कल्पना सोरेन

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता कल्पना सोरेन ने दावा किया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की बढ़ती संख्या से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) डरी हुई है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा खेमे ने लोकप्रिय राज्य सरकार के खिलाफ साजिश रची। गांडेय से विधायक कल्पना ने देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, यह हेमंत (सोरेन) सरकार है, जिसने सर्वजन पेंशन योजना और मंईयां सम्मान योजना लागू की, जिसका उद्देश्य पहली बार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि 55 लाख महिलाओं को पहले ही मंईयां सम्मान योजना के तहत शामिल किया जा चुका है तथा जल्द ही कई और महिलाओं को भी इस योजना के तहत लाया जाएगा।



## 'यह अपमान नहीं है तो क्या है ?', सराय काले खां बस स्टैंड का नाम बिरसा मुंडा करने पर भड़के हेमंत सोरेन

मेट्रो रेज

**रांचीः** दिल्ली में सरायकेला खां बस स्टैंड का नाम बिरसा मुंडा बस स्टैंड किए जाने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इस फैसले को जल्द से जल्द वापस लेने के लिए कहा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि ये है वह बस स्टॉप - वह चौक जिसका नाम हमारे भगवान बिरसा मुंडा पर रखा गया है। यह अपमान नहीं है तो और क्या है ?

क्या राजधानी दिल्ली में हम आदिवासियों के आराध्य के सम्मान के लिए, उनके प्रतिष्ठा एवं हमारी आस्था के अनुरूप क्या



कोई और उपयुक्त स्थान नहीं था ? क्या सेंट्रल विस्टा का नाम हमारे भगवान पर नहीं रखा जा सकता था ?

यह झारखंडियों समेत देश के सभी आदिवासियों/मूलवासियों का अपमान है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं की इस कदम को तुरंत वापस ले - और हमारे भगवान हमारे नायक को उनके प्रतिष्ठा, हमारे आस्था के अनुकूल स्थान दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया था

शाह ने 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को सराय काले खां बांसेरा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का मौका था। उनकी जयंती पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

एक और मुखिया का जाति प्रमाण पत्र रद्द

## राहे प्रखंड के बंसिया पंचायत के मुखिया की सदस्यता जानी तय

**रांचीः** फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए पंचायत चुनाव में आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों धनबाद के पुटकी प्रखंड की गोपीनाथ पंचायत के मुखिया विजेंद्र कुमार पासवान का जाति प्रमाण पत्र जाति छानबीन समिति ने रद्द किया था। इसके बाद अब रांची के राहे प्रखंड के बंसिया पंचायत के मुखिया नवकृष्ण लोहरा का जाति प्रमाण पत्र जाति छानबीन समिति ने रद्द कर दिया है। समिति ने जिस प्रमाण पत्र को रद्द किया है, उसी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नवकृष्ण लोहरा ने पंचायत चुनाव लड़ा था और मुखिया निर्वाचित हुए थे।

**नवकृष्ण लोहरा के नाम पर निर्गत जाति प्रमाण पत्र नियमसंगत नहीं :** समिति द्वारा जाति प्रमाण पत्र रद्द किये जाने के बाद अब उन्हें मुखिया के पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। जाति छानबीन समिति ने अपने आदेश में कहा है कि नवकृष्ण लोहरा के नाम पर निर्गत जाति प्रमाण पत्र नियमसंगत नहीं है इसलिए उनका अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र रद्द किया जाता है। जिसके बाद अब नवकृष्ण लोहरा का मुखिया पद खतरे में है।

## बीआईटी मेसरा का 34वां दीक्षांत समारोह आज, 2715 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री



मेट्रो रेज

**रांचीः** बीआइटी मेसरा का 34वां दीक्षांत समारोह आज जीपी बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। समारोह में बीआइटी मेसरा मेन कैंपस समेत अन्य छह ऑफ कैंपस-बीआइटी एक्सटेंशन लालपुर, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक बीआइटी मेसरा, देवघर, पटना, नोएडा और जयपुर के 2715 विद्यार्थियों के बीच डिग्री बांटी जायेगी। समारोह की शुरूआत सुबह 10 बजे से शुरू होगी। मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार होंगे। विभिन्न संकाय के सर्वश्रेष्ठ 17 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम के संस्थापक निदेशक सह एयरो स्पेस साइंटिस्ट पद्मभूषण डॉ बयराना नागप्पा सुरेश होंगे। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन सीके बिड़ला भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में बीआइटी मेसरा समूह से पास आउट हो रहे 1824 विद्यार्थियों को यूजी डिग्री, 636 पीजी डिग्री, 152 डिप्लोमा और 103 पीएचडी डिग्री मिलेगी।

**मेन कैंपस के 1300 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्रीः** बीआईटी मेसरा के दीक्षांत समारोह में बीआईटी मेसरा मेन कैंपस के 1300 छात्र- छात्राओं को आज डिग्री दी जाएगी, इसमें 788 डिग्रियां यूजी,422 पीजी और 90 पीएचडी की शामिल हैं। आज सभी विद्यार्थियों को पारंपरिक वेशभूषा में आना है और इस प्रोग्राम की शुरूआत में कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम देखने को मिलेंगे।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखा गया पत्र

**रांची :** झारखंड में नक्सलियों से लड़ने का प्रशिक्षण देने वाले जंगल वारफेयर स्कूलों का संचालन और पांच साल करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा गया है। यह पत्र गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा लिखा गया है। पत्र में कहा गया हैं कि उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस शिक्षा और प्रशिक्षण को कार्यरूप देने की 11 वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राज्य में जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट (लातेहार), पदमा (हजारीबाग), मुसाबनी (पूर्वी सिंहभूम) और टेण्डरग्राम (रांची) के स्थापना की स्वीकृति गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी गयी थी। चारों स्कूलों को 2023-24 तक कार्यरत रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी थीः इन चार स्कूलों के उन्नयन के लिए इस योजना को 12वीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 2012-13 से 2016-17) में भी चालू रखने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच एमओयू हुआ था।

## स्कूलों की छुट्टी के समय में एक घंटे के अंतर का प्रस्ताव

मेट्रो रेज

**रांचीः** स्कूल बसों के कारण मेन रोड सहित विभिन्न सड़कों पर लग रहे जाम से निजात के लिए रांची ट्रैफिक पुलिस ने योजना बनायी है। उन्होंने विभिन्न स्कूल प्रबंधनों से बातचीत कर स्कूल की छुट्टी के समय में एक घंटे का अंतर रखने का प्रस्ताव दिया है। रांची ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि एक घंटे बाद स्कूल बसें रोड पर आयेंगी, तो जाम नहीं लगेगा। वर्तमान में अधिकतर स्कूलों की छुट्टी का समय एक ही है। एक ही समय में विभिन्न स्कूलों की बसें सड़क पर आ जाती हैं, जिस कारण जाम लग जाता है।



एक स्टॉपेज पर उतारने व चढ़ाने का प्रस्तावट्रैफिक पुलिस ने स्कूल प्रबंधनों के साथ मीटिंग कर उनके सामने यह प्रस्ताव रखा है। साथ ही आधा किमी के रेडियस के बच्चों को एक स्टॉपेज पर उतारने और चढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसमें कहा गया है कि बच्चों को पहुंचाने के बाद बसें साइड की सड़कों का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक जायें। इससे काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी। पूर्व में ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को बच्चों को ड्रॉप करने के बाद बस को अंतिम स्टॉपेज पर पार्क कर दूसरे दिन फिर से बच्चों को वापस लेकर स्कूल आने का भी प्रस्ताव दिया था।

## जूनियर डॉक्टरों ने दवा दुकानदार सहित आठ पर दर्ज कराया केस

**रांचीः** रिम्स के जूनियर डॉक्टर डॉ तनय कुमार ने रिम्स तालाब के समीप टुनकी टोला स्थित पटेल मेडिकल हॉल के संचालक सहित आठ लोगों पर सदर थाना में केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में रॉड व पत्थर से जानलेवा हमला करने, गाड़ी चढ़ा कर हत्या का प्रयास करने सहित कई अन्य आरोप लगाये गये हैं। प्राथमिकी में पटेल मेडिकल हॉल के संचालक सौरभ साकेत उर्फ विक्की साकेत, अंजनी कुमार, संजीव, मनोज, दीपक, अभय, विनोद, गोलू तथा कार के चालक को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में डॉ तनय कुमार ने कहा कि मैं व मेरे दिव्यांग मित्र डॉ अनुपम शानू ने पटेल मेडिकल दुकान से दवा की खरीदारी की। वह दवा एक्सपायर्ड थी। जब वह उस दवा को वापस करने आये, तो दवा वापस लेने से दुकानदार ने मना कर दिया। इसके बाद हमारे साथ मारपीट व गाली-गलौज की और बाद में कार से कुचल कर हत्या का प्रयास किया गया। मामले में पहले ही पटेल मेडिकल हॉल के संचालक सौरभ साकेत उर्फ विक्की साकेत ने उक्त जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ नौ नवंबर को मारपीट व तोड़फोड़ का मामला दर्ज कराया था।



## केबल स्टे ब्रिज का काम शुरू

**रांचीः** सिरमटोली-मेकन फ्लाई ओवर में केबल स्टे ब्रिज का काम शुरू हो गया है। शुक्रवार को सुबह से ही काम करने के लिए ब्लॉक लिया गया था। ऐसे में पांच बजे सुबह से करीब चार-साढ़े चार घंटे तक काम किया गया। इंजीनियरों ने बताया कि यह काम सफलतापूर्वक किया गया। अब इसका काम लगातार किया जायेगा। इस क्रम में शनिवार को भी सुबह से काम करने की तैयारी कर ली गई है।

**कार्य का निरीक्षण कियाः** इधर केबल स्टे का काम शुरू होने पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप सहित अन्य इंजीनियर और एलएनटी की टीम ने कार्य का निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक काफी समय से केबल स्टे का काम लटका हुआ था। इस वजह से इस परियोजना पर भी असर पड़ा है। परियोजना को अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। इसका काम पूरा होने पर ही इस परियोजना को पूर्ण किया जा सकेगा।

# वाया रांची चलेगी बरौनी-कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन

मेंट्रो रेज

**रांचीः** अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे बरौनी-कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन वाया रांची चलायेगा। ट्रेन संख्या 03357 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन वाया रांची 16 नवंबर शनिवार को बरौनी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का बरौनी प्रस्थान रात 11:20 बजे, धनबाद प्रस्थान सुबह 5:10 बजे, बोकारो प्रस्थान सुबह 7:05 बजे, मुरी प्रस्थान सुबह 9:30 बजे, रांची प्रस्थान सुबह 11:05 बजे, हटिया प्रस्थान सुबह 11:30 बजे, राउरकेला प्रस्थान दोपहर 2:10 बजे, संबलपुर प्रस्थान शाम 4:35 बजे, विजयवाड़ा प्रस्थान सुबह 11:30 बजे, काटपाडी प्रस्थान रात 9:50 बजे एवं कोयंबटूर



आगमन मंगलवार को सुबह 04:00 बजे होगा।

**20 नवंबर को कोयंबटूर से प्रस्थान करेगीः** वहीं ट्रेन संख्या 03358 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन वाया रांची 20 नवंबर को कोयंबटूर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का कोयंबटूर प्रस्थान (बुधवार) रात 12:50 बजे, काटपाडी प्रस्थान सुबह 6:00 बजे, विजयवाड़ा प्रस्थान शाम 4:10 बजे, संबलपुर प्रस्थान सुबह 9:55 बजे, राउरकेला प्रस्थान दोपहर 1:50 बजे, हटिया प्रस्थान शाम 5:30 बजे, रांची प्रस्थान गुरुवार को शाम 6:00 बजे, मुरी प्रस्थान शाम 7:15 बजे, बोकारो प्रस्थान रात 8:10 बजे, धनबाद प्रस्थान रात 10:15 बजे एवं बरौनी आगमन (शुक्रवार) सुबह 6:00 बजे होगा। इस ट्रेन में एसएलआर का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 07 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 11 कोच लगे होंगे।

**हटिया-टाटा और रांची-आसनसोल ट्रेन रद्द रहेंगीः** आद्रा मंडल के कांटाड़ी-उरमा रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्यों को लेकर मेगा ब्लॉक लिया जायेगा। इस कारण रांची मंडल में चलनेवाली ट्रेन संख्या 18602/18601 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 24 नवंबर को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 03598/03597 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर 24 नवंबर को रद्द रहेगी।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़ेः
अटल बिहारी वाजपेय

## समन्वय जरूरी

**मणिपुर** में नये सिरे से हिंसा भड़कने के बाद केंद्र सरकार ने उग्रवादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। इस क्रम में पहले केंद्रीय सुरक्षा बलों की अतिरिक्त 20 कंपनियों को हवाई मार्ग से भेजा गया। इसके बाद बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय इस नतीजे पर पहुंचा कि मणिपुर में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। हिंसा और अराजकता पर नियंत्रण के लिए पांच जिलों के छह पुलिस थानों को अशांत घोषित करते हुए फिर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागू कर दिया गया। पिछले वर्ष अप्रैल- मई में राज्य में हिंसा शुरू होने से ठीक पहले केंद्र सरकार ने सात जिलों के 19 पुलिस थानों से अफस्पा हटा लिया था। जिन थानों में फिर से अफस्पा लागू किया गया है उनमें इम्फाल पश्चिम जिले में सेकमाई और लमसांग, इम्फाल पूर्वी जिले में लमलाई, जिरीबाग जिले में जिरीबाग, कांगमोकपी में लीमाखोंग और विष्णुपुर में मोइरांग शामिल हैं। अफस्पा अशांत क्षेत्रों तैनात सुरक्षा बलों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अधिकार और संरक्षण देता है। अफस्पा की वापसी से जाहिर होता है कि डेढ़ साल से ज्यादा समय से जातीय हिंसा से ग्रसित मणिपुर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को जिरीबाग में उग्रवादियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच गोलीबारी में 20 उग्रवादी मारे गए थे। इस घटना का विशेष मह'व इसलिए है कि पहली बार उग्रवादियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच गोलीबारी और मुठभेड़. हुई। अब तक राज्य के हिंसा प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने बहुत संयम से काम लिया है। वास्तव में उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की एक पोस्ट पर हमला किया था। इस मुठभेड़. के बाद उम्मीद थी कि उग्रवादियों के हौसले पस्त हो जाएंगे लेकिन हिंसा और बढक्ष गई। जातीय हिंसा के दौर में केंद्रीय सुरक्षा बलों को असामान्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। मैतेई समुदाय असम राइफल्स पर कुकी के प्रति पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगा रहा है तो कुकी दूसरे सुरक्षा बल पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। मणिपुर में हिंसा पर नियंत्रण करने के लिए बनाए गए एकीकृत कमान को लेकर भी खींचतान है। इसके कारण मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय सुरक्षा बलोंा के बीच ठीक तरह से समन्वय नहीं हो पा रहा है। राज्य में शांति बहाली न होने की एक बड़ी वजह यह हो सकती है। मणिपुर सीमावर्ती राज्य होने के कारण सुरक्षा की द्दष्टि से संवेदनशील है। उम्मीद है कि केंद्र सरकार राज्य में शांति बहाल करने के उपायों पर गंभीरता से विचार-विमर्श कर रही होगी।

## शिक्षा में अड़ंगे

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग ने एमफिल या पीएचडी ड़िग्री कोर्सेज को ओपन या ड़िस्टेंस या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत 18 कोर्सेज को भी ओपन ड़िस्टेंस मोड या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर रोक लगा दी है। फीजियोथेरेपी,फार्मेसी, नर्सिंग, डेंट्ल,आर्किटेक्चर, कानून, कृषि,हॉर्टिकल्चर, होटल प्रबंधन, कैटरिंग, पाक विज्ञान, द्दश्य कला, योगा जैसे कोर्स अब ऑनलाइन या डिस्टेंस से नहीं चलाए जा सकेंगे।ड़ॉक्टर ऑफ फिलॉसफी या मास्टर ऑफ फिलॉसफी उन्नत शोध ड़िग्री योग्यता हैं। उच्चतम शिक्षा पाने वाले चुनिंदा छात्र ही इन अति विशिष्ट कोर्स तक पहुंचते हैं। सरकार ने दूरदराज या अन्य क्षेत्रों में व्यस्त छात्रों के लिए घर से बैठ कर ये शिक्षा लेने की व्यवस्था की थी। मगर विश्वविद्यालयों की धांधली या निरंतर मिलने वाली शिकायतों के चलते यूजीसी को सख्त निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रति वर्ष तमाम विश्वविद्यालयों को प्रतिबंधित करने या पाबंदियां लगाने संबंधी नोटिस जारी करता रहता है। कहना गलत नहीं है कि कुछ जरूरतमंद और उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक छात्रों को इससे असुविधा भी हो सकती है। आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के ढेरों विद्यार्थी हैं जो कोई रोजगार या नौकरी करते हुए अतिरिक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिहाज से ओपन या ऑनलाइन कोर्स में दाखिला लेने को मजबूर होते हैं। ऐसे जरूरतमंदों के लिए भी आयोग को रास्ता सुझाना चाहिए। आयोग का काम मान्यता की जांच करने की सलाह पर ही खत्म नहीं हो जाता। उसे सख्तीपूर्वक ऐसे किसी भी विश्वविद्याल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए क्योंकि इससे न केवल छात्रों का भविष्य चौपट होता है। बल्कि उनका बहुत सारा पैसा भी बर्बाद हो जाता है। विज्ञापनों द्वारा ऐसे संस्थान जब प्रचार कर रहे होते हैं उसी वक्त इन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। दूसरे, दुनिया जब तकनीक और संचार व्यवस्था द्वारा शिक्षा को सुविधाजनक बना रही हैं, ऐसे में विवि की लापरवाही का खमियाजा छात्रों को भुगतने से बचाना भी आयोग का ही जिम्मा है।

# बुलडोजर न्याय में हो रही मनमानी पर रोक

> फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड़ना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य से संबंधित केस में दो टूक कहा है कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अपना घर पाने की चाहत हर दिल में होती है।

**योगेंद्र योगी**

**सरकारों** की गलतफहमी है कि एक बार चुनाव जीतने के बाद उन्हें मनमानी का अधिकार मिल जाता है। इसी भ्रम में सरकारें अपने को अदालत से ऊपर समझने लगती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोर एक्शन के मामले में फैसला देकर सरकारों का यह सपना तोड़ दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिल्ली की आप सरकार के मामले में दिया है, किन्तु यह लागू सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर को बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए तीखी टिप्पणी की। साथ ही बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर गाइडलाइन तय कर दी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड़ना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य से संबंधित केस में दो टूक कहा है कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अपना घर पाने की चाहत हर दिल में होती है। यद्यपि यह फैसला दिल्ली सरकार से संबंधित है, पर इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस फैसले के बाद अब योगी सरकार के लिए बुलडोजर एक्शन लेना भी मुश्किल हो जाएगा। कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां होती हैं। इसी बल पर हर साल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कार्यपालिका विभिन्न कारणों को आधार बनाकर सैकड़ों आदेशों का अनुपालन नहीं करती है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से शुरू हुआ बुलडोजर एक्शन का यह सिलसिला पूरे देश में फैल गया था।

राज्यों की सरकारों ने इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। वोट बैंक राजनीति ऐसे फैसलों में साफ नजर आती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन अपराधियों के आवास और व्यावसायिक प्रतिष्ठान गिराने के लिए लिया गया था। बुलडोजर एक्शन में भी अपराधियों में भेदभाव के उदाहरण मौजूद हैं। इसका दुरुपयोग भी सांप्रदायिक आधार पर किया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कहीं न कहीं खौफ उत्पन्न होता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिस तरह माफिया या गैंगस्टर का सफाया किया, उससे काफी हद तक अपराधों पर लगाम लग सकी है। इस कार्रवाई से शायद ही कोई इत्तफाक रखता हो। सवाल यही आता है कि अपराध रोकने की आड़ में सरकार क्या कानून से ऊपर है। बुलडोजर एक्शन में यही बात नजर आती है। दरअसल यह काम देश की अदालतों का है कि सुनवाई के बाद आरोपी को सजा देने या नहीं देने का। बुलडोजर एक्शन में ऐसे न्याय की संभावना पहले ही खत्म हो जाती है, जहां बगैर किसी सुनवाई के फैसला सुना दिया जाता है। इससे यदि आरोपी गलत न भी हो तो उसे घर या दुकान तुड़वाने की सजा भुगतनी पड़ती है। जबकि सजा तय करने की जिम्मेदारी अदालतों की है। सरकारों की यह हरकत निश्चित तौर पर अदालतों के मामले में दखलअंदाजी रही है। बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई सरकारों को बेशक सस्ती लोकप्रियता दिला सकती है, न्याय नहीं। महाराजगंज जिले में सडक के फोरलेन का चौड़ीकरण के संबंध में एक व्यक्ति का मकान गिराने को लेकर कोर्ट ने काफी तीखी टिप्पणी दी और उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख का जुर्माना भी लगाया। हालांकि यह विकास कार्यों के लिए की गई कार्रवाई थी। इसमें सरकार की वह मंशा नहीं थी कि किसी अपराधी का घर गैरकानूनी अवैध कब्जा की बात कहकर गिराई गई हो। फिर भी कोर्ट ने पीड़ित की बात सुनी। इस तरह के अतिक्रमण हटाने के भी कायदे-कानून बने हुए हैं। उनकी पालना किए बगैर सीधे बुलडोजर दौड़ा देना अन्याय ही कहा जाएगा। ऐसे मामलों की भी कमी नहीं हैं, जहां आम आदमी की सम्पत्ति को अतिक्रमण के नाम पर ढहा दिया जाता है, वहीं रसूखदारों की तरफ प्रशासन की आंख उठाने की भी हिम्मत नहीं होती। देश का शायद ही ऐसा कोई शहर होगा, जहां प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण तोड़ने में सरकार और प्रशासन ने उदाहरण पेश किए होंगे। सरकार और प्रशासन प्रभावशाली लोगों के सामने कैसे नतमस्तक हो जाते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण नोएडा के ट्विन टावर का मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट के अपैक्स और सियान टॉवरों को अवैध ठहराया था। दोनों 40 मंजिला टावरों को ढहाने का आदेश दिया गया। कोर्ट ने कंपनी को फ्लैट खरीददारों को ब्याज के साथ पैसे वापस करने का आदेश दिया।

जबकि इस मामले में सरकार और नोएडा अर्थॉरिटी सब कुछ जानते हुए भी हाथ पर हाथ धरे हुए बैठे रहे। नोएडा अर्थॉरिटी को भी इस ध्वस्तिकरण पर निगरानी करने और रिपोर्ट अदालत को देने का आदेश दिया गया है। इस आदेश के कुछ महीनों बाद बाद ट्विन टावर को ढहा दिया गया। बुलडजोर एक्शन लेने वाली सरकार और प्रशासन को यह पहले से ही पता था कि ये टावर नियमों के विपरीत बनाए गए हैं। इसके बावजूद शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार लोग आंखें मूंदे बैठे रहे। यहां बुलडोजर चलाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। इसकी उपेक्षा ऐसे ही नहीं की गई। इसमें भारी भ्रष्टाचार की गंध चारों तरफ से आ रही थी, किन्तु अदालत के फैसले से पहले किसी ने इसकी परवाह नहीं की, वहीं कमजोर के मामले में बुलडोजर एक्शन लेने में फुर्ती दिखाई जाती है। देश में भूमाफिया और बिल्डर की शासन-प्रशासन से मिलीभगत के किस्से आम हैं। देश के महानगर से लेकर छोटे शहरों में अतिक्रमणों की बाढ़ आई हुई है। ये अतिक्रमण एक दिन में नहीं हुए। अतिक्रमणकारियों ने सार्वजनिक सुविधा के क्षेत्र तक नहीं छोड़े। देश में शायद ही ऐसी कोई सडक सा फुटपाथ होगा, जहां अतिक्रमण ने पांव नहीं पसारे। वन क्षेत्र हो या गोचर भूमि, यहां तक कि तालाब, नदियों और झीलों के बहाव क्षेत्र भी अतिक्रमणकारियों की भेंट चढ़ गए, किन्तु शासन-प्रशासन की तंद्रा भंग नहीं हुई। ये तभी जागते हैं जब अदालतों का डंडा चलता है। इन अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाने से सब कतराते हैं।

इसका उदाहरण जयपुर का रामगढ़ बांध है। कभी बरसाती जल से सरोबार रहने वाला यह प्रसिद्ध बांध अतिक्रमण का शिकार हो गया। कभी जयपुर की लाइफ लाइन माने जाने वाला यह बांध कई दशकों से सूखा पड़ा है। देश में ऐसे सैकड़ों उदाहरण मौजूद हैं जहां अतिक्रमणकारियों ने प्राकृतिक स्त्रोतों को ही निगल लिया। यहां तक कि खनन करके पहाड़ के पहाड़ गायब कर दिए। अरावली की पहाड़ी श्रृंखला इसका भ्रष्टाचार और लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण है। अतिक्रमण के मामले में वोट की राजनीति की बदौलत ही छोटे-बड़े शहरों में अवैध कच्ची-पक्की बस्तियां तक बस गईं। ये अतिक्रमण सालों-साल चलते रहे हैं, किन्तु नेता-अफसरों के गठजोड़ के कारण इन्हें जड़ से खत्म नहीं किया जा सका। दरअसल बुलडोजर तो ऐसे अतिक्रमणों पर चलना चाहिए, जिन्होंने देश के आम लोगों का पैदल चलना तक दूभर कर रखा है। इनके बजाय सिर्फ चुनिंदा अतिक्रमणकारियों को अपराधी बता कर बुलडोजर चलवाना सरकारों की बदनीयती को ही उजागर करता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकारों को सबक लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में यह कहीं नहीं कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो, बल्कि वैधानिक प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया है।

# गुरु नानक जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक

> उनकी पहली यात्रा लगभग 7 साल की रही। इसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के अधिकांश भाग को समेटा। दूसरी यात्रा में उन्होंने वर्तमान श्रीलंका के बड़े भाग को समेटा। इसमें भी 7 साल का समय लगा। तीसरी यात्रा में उन्होंने हिमालय, कश्मीर, नेपाल, सिक्किम, तिब्बत और ताशकंद जैसे पर्वतीय क्षेत्रों को लगभग 5 साल में पूरा किया। चौथी यात्रा में उन्होंने मक्का और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों का भ्रमण लगभग 3 साल तक किया।

**ललिता कश्यप**

**बात** उस समय की है जब भारत में प्रथम मुगल बादशाह बाबर ने आक्रमण कर भारत पर अपना राज चलाया। साथ ही वह इस्लाम धर्म को भी बढ़ावा दे रहा था। उस समय दक्षिण एशिया के पंजाब में सनातन धर्म और इस्लाम धर्म ही था। गुरु नानक देव जी को इस्लाम, ईसाई, सनातन और यहूदी धर्म का गूढ़ ज्ञान था। भारत में इस्लाम धर्म के अधिक बढ़ावे को देखकर गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना करनी चाही। वैसे तो सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी कहलाए जाते हैं, जिनका अनुसरण सिख धर्म के 9 गुरुओं ने बड़े आदर और निष्ठा से निभाया। इसकी धार्मिक परंपराओं को गुरु गोविंद सिंह जी, जो सिख धर्म के दसवीं पातशाही थे, ने 13 अप्रैल 1699 ईस्वी को बैसाखी वाले दिन को अंतिम रूप दिया। सिख धर्म के 10 गुरु- श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु अंगद देव जी, श्री गुरु अमरदास जी, श्री गुरु रामदास जी, श्री गुरु अर्जन देव जी, श्री गुरु हरि गोविंदजी, श्री गुरु हरि राय जी, श्री गुरु हरकृष्ण जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी व श्री गुरु गोविंद सिंह जी थे, जिन्होंने सिख धर्म पर प्रचार-प्रसार कर सनातन धर्म की रक्षा की। इनके साथ-साथ कुछ भक्त भी ऐसे हुए जिन्होंने सनातन धर्म, सिख धर्म और ह्यईश्वर एक हैह्ल का बखान एवं प्रचार-प्रसार किया। इनमें से बाबा नामदेव, भक्त कबीर, भक्त रैदास, बाबा फरीद की बाणियां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में पाई जाती हैं।

समाज में फैली बुराइयों, कुरीतियों और हिंसा को बदलने के लिए ही समय-समय पर अवतार होते रहे हैं। ऐसे में ही गुरु नानक देव जी का जन्म रावी नदी के किनारे तलवंडी नामक स्थान पर संवत 1527 सन 15 अप्रैल 1469 ईस्वी को कालू मेहता तथा माता तृप्ता देवी के घर हुआ। गुरु नानक देव जी की एक बहन नानकी जी, जो 5 साल बड़ी थी, वह नानक से बहुत प्रेम करती थी। साल 1475 ईस्वी में बेबे नानकी की शादी हो गई और वह अपने ससुराल सुल्तानपुर चली गई। 16 वर्ष की आयु में गुरु नानक देव जी की शादी मूला की बेटी सुलखनी देवी से हुई। 32 साल की आयु में इनके पहला बेटा श्रीचंद का जन्म हुआ। 4 साल बाद दूसरे बेटे लख्मी दास का जन्म हुआ। 1507 ईस्वी में नानक देव जी अपने परिवार की जिम्मेदारियां ईश्वर पर छोडकर भाई मरदाना, भाई लहना, भाई बाला और भाई रामदास को साथ लेकर तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। गुरु नानक देव जी के बड़े बेटे श्रीचंद आगे चलकर उदासी संप्रदाय के संस्थापक बने। एक बार गुरु नानक देव जी अपने ससुराल सुल्तानपुर में स्नान-ध्यान के लिए पास की नदी पर गए और 3 दिन तक नहीं लौटे। जब वह लौटे तो वह एक असामान्य इनसान की तरह लगे। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा न कोई हिंदू है, न कोई मुसलमान है। इन्हीं शब्दों को उनकी शिक्षाओं की शुरूआत माना जाता है। उन्होंने लोगों को सिखाया कि ईश्वर प्राप्ति के लिए हमें किसी अनुष्ठान और पूजा-पाठ की आवश्यकता नहीं है। ईश्वर को पाने के लिए उन्होंने लोगों से ईश्वर का नाम जपने को कहा। उन्होंने लोगों को दूसरों की मदद करना, सेवा करके आध्यात्मिक जीवन जीना सिखाया। उन्होंने तीन बड़ी शिक्षाओं पर जोर दिया- नाम जपो, ईमानदारी से काम करो, दान करो और बांट कर खाओ। नानक देव जी को उनके अनुयायी नानक देव, बाबा नानक और नानक शाह नाम से संबोधित करते थे। नानक देव जी एक दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त और विश्व बंधु अपने जीवनपर्यंत रहे। उन्होंने धर्म के प्रचार-प्रसार और ईश्वर के संदेशों को पूरी दुनियां में फैलाने के लिए देश-विदेश और उपमहाद्वीपों की चार अध्यात्मिक यात्रा की। सबसे पहले वह अपने माता-पिता के पास गए और इन यात्राओं का महत्व बताया और फिर यात्रा शुरू की। उनकी पहली यात्रा लगभग 7 साल की रही। इसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के अधिकांश भाग को समेटा। दूसरी यात्रा में उन्होंने वर्तमान श्रीलंका के बड़े भाग को समेटा। इसमें भी 7 साल का समय लगा। तीसरी यात्रा में उन्होंने हिमालय, कश्मीर, नेपाल, सिक्किम, तिब्बत और ताशकंद जैसे पर्वतीय क्षेत्रों को लगभग 5 साल में पूरा किया। चौथी यात्रा में उन्होंने मक्का और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों का भ्रमण लगभग 3 साल तक किया। पांचवीं यात्रा में उन्होंने 2 साल तक पंजाब में संदेश फैलाया। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपने जीवन के लगभग 24 वर्ष इन यात्रा में बिताए और पैदल ही लगभग 28000 किलोमीटर की यात्रा की। 55 वर्ष की आयु के बाद श्री नानक देव जी ने अपना समय करतारपुर में ही बिताया। इस अवधि के दौरान वे अचलके नाथ योगी केंद्र और पाकपट्टन और मुल्तान के सूफी केंद्रों की छोटी-छोटी यात्रा पर गए। गुरु नानक देव जी के असंख्य अनुयायी हुए, जिनमें हिंदू-मुसलमान सम्मिलित थे। सभी अनुयायी गुरु नानक देव जी का बहुत सत्कार करते थे। गुरु नानक देव जी ने अपना पूरा जीवन मानव जाति के कल्याण में लगा दिया। इसके साथ ही वह हमेशा अपनी वाणी के माध्यम से लोगों को प्रेम से रहने के लिए प्रेरित करते थे तथा सभी तरह की जाति-धर्म का त्याग करके ईश्वर की भक्ति में लीन रहने का मार्ग दिखाते थे।

# अंतर्मुख

## चिंतन-मनन

**संत राजिन्दर**

**जीवन** का उद्देश्य अंतर्मुख होना है। अंतर्मुख होने का अर्थ है आत्मिक आनन्द की अवस्था में होना। तब हम प्रभु के साथ और समस्त सृष्टि के साथ अपनी आत्मा की एकता को पहचानते हैं और हमें यकीन हो जाता है कि हमारी आत्मा अजर और अमर है॥। अंर्तमुख होने से हम उस दिव्य स्त्रोत से जुड़ जाते हैं जो समस्त ज्ञान का भण्डार है। ध्यान-अभ्यास द्वारा हम मृत्यु के द्वार को लांघ कर उस आनन्द और सौंदर्य को पा लेते हैं जो हमारे भीतर हमारा इंतजार कर रहा है। उस अवस्था को पाकर हमें मृत्यु की तलवार का डर नहीं सताता क्योंकि हम जीते जी उस स्थान को देख लेते हैं जहां मृत्यु के बाद हमें जाना है। तब हमें ईसा मसीह के इस वचन का सही अर्थ मालूम होता है। हां मैं मृत्यु की वादी में चहलकदमी करता हूं परन्तु मैं भयभीत नहीं हूं क्योंकि तुम मेरे साथ हो'। संतों- महात्माओं जिन्होंने पारलौकिक जीवन को देखा है ने भी अपनी वाणी में मृत्यु के बारे में वर्णन किया है। वे कहते हैं कि यह ऐसा कुछ नहीं जिससे कि हम भयभीत हों बल्कि उसका तो स्वागत किया जाना चाहिए। कबीर साहब ने कहा है। जिस मरने से जग डरे, मेरे मन आनन्द, मरने ही ते पाइये पूरन परमानन्द। सेंट टेरेसा ने कहा है,मैं नहीं मरती मैं तो जीवन में प्रवेश करती हूं'। इस धरती जिसे हम जीवन कहते हैंपर जागृत महापुरुषों के लिए यह एक निद्रा है; मृत्यु द्वारा प्रभु के राज्य में प्रवेश करना ही जागना है। सेंट पॉल ने कहा है ओ मृत्यु! तुम्हारा देश कहां है कब्र! तुम्हारी जीत कहां है? हम जीते जी इसी जीवन में उस जगह को देख सकते हैं जो इस जीवन के बाद हमारे लिए तैयार की गई है। अंतर में प्रवेश करके जब हम यह अनुभव पा लेते हैं तो आत्मा का अजर-अमरता होना हमारे लिए कोई सुनी-सुनाई बात नहीं रह जाती बल्कि एक ठोस विश्वास एक अनुभूति बन जाती है। अनेक तरह के डर ऐसे होते हैं जिनके पीछे कुछ खोने का दुःख का या मृत्यु का डर होता है। एक बार आत्मा के अमर होने का अनुभव होने के बाद हमारा भय समाप्त होने लगता है। प्रभु से एकता की अवस्था में हमारी आत्मा किसी भय को नहीं जानती। उस एकता के ज्ञान का अभाव ही भय का कारण होता है। वास्तव में सच्चाई से दूर होना ही पाप है।

# आपके पत्र

## प्रेस का दायित्व

**16 नवंबर** को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। प्रथम प्रेस आयोग ने हमारे देश में प्रेस को स्वतंत्र बनाने और पत्रकारिता में और सुधार करने के उद्देश्य से देश में प्रेस परिषद बनाने बारे विचार किया था। 4 जुलाई 1966 को देश में प्रेस परिषद बनाई गई। लगभग 4 महीनों बाद 16 नवंबर को इस परिषद ने अपना कार्य आरंभ किया। इस दिवस का एक मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को सशक्त बनाने का भी है।

मीडिया या लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभाता है। हमारे देश के सबसे पहले हिंदी समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। इसका नाम उदन्त मार्तण्ड था। अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। हमारे देश में प्रेस राजनीतिक पार्टियों के लिए प्रचार का साधन है, तो आमजन की आवाज सत्ताधारियों तक पहुंचाने का जरिया भी है।

**केसी राय,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रवाद की मजबूती के लिए भाजपा जरूरी : मंत्री हरि सहनी




**साहिबगंज:** बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि साहनी ने साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया।मंत्री हरि साहनी ने पुरानी साहिबगंज के नया टोला वार्ड संख्या18 एवं 19 साहिबगंज ग्रामीण क्षेत्र के महादेवगंज गोढ़ी टोला,कारगिल क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय जनता से संवाद किया।उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा को भारी मतों से जिताने की अपील की।इस अवसर पर मंत्री हरि साहनी ने कहा,₹झारखंड की जनता ने पिछले 5 सालों में हेमंत सोरेन सरकार की नाकामियों को देखा है।यह सरकार झूठे वादों और जनता को ठगने में लगी रही है।अब समय आ गया है कि झारखंड से इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंका जाए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा की सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा और सबका साथ, सबका विकास का संकल्प साकार होगा।महागठबंधन की सरकार समाज को बांटने और विकास के कामों में बाधा उत्पन्न करने का काम कर रही है।मंत्री साहनी ने झारखंड की जनता से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा को जीताकर झारखंड में नई शुरूआत करें।यह जनसंपर्क अभियान भाजपा के प्रति जनता के व्यापक समर्थन और हेमंत सरकार के प्रति जनता के गुस्से को प्रदर्शित करता है।मंत्री साहनी ने भरोसा जताया कि आगामी चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।मौके पर भाजपा नेता प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल,संतोष चौधरी के आलावे कई लोग मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक पुलिस प्रेक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ सी आर प्रसन्ना एवं पुलिस प्रेक्षक दिनेश कुमार यादव ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम, बिजली आपूर्ति व्यवस्था, मतगणना स्थल पर चल रहे कार्य, मतगणना क्षेत्र सहित सुविधाओं की गहन जांच की।

## शहीद जयप्रकाश उरांव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गणेशपुर नावाडीह में आज शहीद परमवीर चक्र विजेता जयप्रकाश उरांव का शहादत दिवस अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद की धर्मपत्नी एमा संगीता उरांव, गांव के पंडित-पुजारी, ग्रामीण, और समाजसेवी सुनील उरांव की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना और अन्न प्रार्थना आयोजित की गई।

समारोह में शहीद जयप्रकाश उरांव को याद करते हुए उनकी देशभक्ति और बलिदान को नमन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सालिक राम पांडे, शहीद के भाई बिसु उरांव, बुदा उरांव और सुनील उरांव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

समाजसेवी सुनील उरांव ने कहा, ₹शहीद जयप्रकाश उरांव ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी स्मृति में इस प्रकार के आयोजन हमें उनकी देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा को याद दिलाते हैं।₹

कार्यक्रम में गांव के सभी लोगों ने एकत्र होकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को चिरस्थायी रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को भावपूर्ण तरीके से संपन्न किया और शहीद की स्मृति में प्रार्थना कर देशसेवा की प्रेरणा ली।

यह कार्यक्रम क्षेत्र में एकता, समर्पण और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## उपायुक्त ने किया धरती आबा भगवान बिरसा को नमन



**दुमका :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को उपायुक्त आवास के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर नमन किया। उन्होंने जिलेवासियों को भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जयंती वर्ष के साथ झारखंड राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दी है।

# भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू का दावा- जनता इस बार जीत दिलाएगी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जामा विधानसभा क्षेत्र इस बार काफी चर्चा में है. झामुमो का गढ़ रहे जामा विधानसभा क्षेत्र में इस बार शिबू सोरेन परिवार से कोई प्रत्याशी नहीं है. भाजपा से नाराज हुई डॉक्टर लुईस मरांडी इस बार झामुमो से चुनाव लड़ रही हैं. भाजपा के प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने कहा कि बागी और बाहरी उम्मीदवार को जामा विधानसभा की जनता इस बार नजरअंदाज करने जा रही है और हमें पूर्ण समर्थन मिल रहा है. हम इस बार काफी मतों के अंतर से चुनाव जीत रहे हैं.

जामा विधानसभा चुनावी मुकाबला होगा दिलचस्प

बता दें कि जामा विधानसभा सीट झामुमो का गढ़ माना जाता है, मगर इस बार झामुमो को जीत के लिये बहुत अधिक मेहनत करना पड़ रहा है. इस विधानसभा सीट से जहां एक तरफ बीजेपी से उम्मीदवार सुरेश मुर्मू हैं तो दूसरी ओर झामुमो छोड़ सीता सोरेन के भाजपा में चले जाने के बाद, भाजपा से टिकट न मिलने पर भाजपा से बागी हुई डॉक्टर लुईस मरांडी को झामुमो ने जामा विधानसभा से चुनावी मैदान में उतारा है.

डॉक्टर लुईस मरांडी 24 साल बीजेपी में रही हैं. भाजपा में विधायक, मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण स्थान पर रही हैं,



लेकिन इस बार टिकट न मिलने पर पार्टी से नाराज होकर झामुमो में चली गई हैं. झामुमो ने भी उनको सम्मान दिया और जामा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया, पर यहां पर उनके लिए जीत की राह आसान नहीं है.

क्या चाहती जामा विधानसभा की जनता

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां इतने वर्षों तक झामुमो के ही विधायक रहे हैं लेकिन विकास से कोसों दूर है जामा विधानसभा क्षेत्र. लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं. स्थानीय लोगों ने कहा कि बाहरी को नहीं स्थानीय प्रत्याशी को ही मौका देंगे. वहीं सुरेश मुर्मू ने कहा कि हमको इस बार जामा विधानसभा की जनता का भरपूर सहयोग और साथ मिल रहा है. उनका दावा है कि हम इस बार भारी मतों से चुनाव जीतने जा रहे हैं. अगर हमारे क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की एक चुनावी सभा हो जाती तो जीत का अंतर और ज्यादा हो सकता है. उन्होंने कहा कि अगर हम चुनाव जीतते हैं तो अपना पूरा जीवन जामा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित कर देंगे.

जामा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू को विधानसभा क्षेत्र की जनता पर पूर्ण विश्वास है. उन्होंने दावा किया कि वो इस बार काफी अंतर से चुनाव जीत रहे हैं. जनता का पूर्ण सहयोग मिल रहा है तथा सभी जाति और वर्ग के लोग हमारे समर्थन में लगे हुए हैं. हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जामा विधानसभा का चुनाव इस बार हम जीतकर विधानसभा जाएंगे और जनता के लिए काम करेंगे.

### मतदाता जागरूकता क्रॉस कंट्री दौड़

# पुरुष वर्ग में सुनील टुडू व महिला वर्ग में क्रांति कुमारी बने विजेता




## मतदान जागरूकता को लेकर सैकड़ों महिला एवम पुरुषों ने लगाई दौड़

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत स्वीप कोषांग जिला प्रशासन,साहेबगंज द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर जिले के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के महिला एवं पुरूष वर्ग के लिए मतदाता जागरूकता क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन साक्षरता चौक से प्रारंभ किया गया। क्रॉस कंट्री दौड़ के मौके पर उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने सभी खिलाड़ियों,आयोजन समिति एवं दर्शकों को 20 नवंबर को जिले में अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ दिलाई एवं उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं एस.डी.पी.ओ किशोर तिर्की ने संयुक्त रूप से क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।पुरुष वर्ग 10 किलो मीटर की दौड़ साक्षरता चौक से प्रारंभ होकर पोखरिया रोड ,रेलवे अंडर ग्राउंड पुल ,टमटम स्टैंड ,कॉलेज रोड ,चैती दुर्गा रोड, नजदीक पूर्वी फाटक, एस. डी.ओ.ऑफिस रोड, किदवई पथ ,संत जेवियर्स स्कूल रोड , घाट रोड, कुली पाड़ा रोड ,ग्रीन होटल मोड़ ,टमटम स्टैंड, रेलवे अंडर ग्राउंड पुल, झरना कॉलोनी रोड ,सिदो कान्हु स्टेडियम में संपन्न हुआ। महिला वर्ग 04 किलो मीटर की दौड़ साक्षरता चौक से प्रारंभ होकर ,पोखरिया रोड,झरना कॉलोनी रोड होकर सिदो कान्हु स्टेडियम में संपन्न हुआ।

पुरुष वर्ग 10 किलो मीटर में प्रथम सुनील टुडू, द्वितीय सोनोत मरांडी, तृतीय-बादल रजक , महिला वर्ग 04 किलो मीटर में प्रथम क्रांति कुमारी, द्वितीय रोशनी कुमारी ,तृतीय - उर्मिला कुमारी आयोजन के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, स्वीप कोषांग के नवीन कुमार, आदित्य कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, राज्य क्रिकेट सब कमिटी के सदस्य चंद्रेश्वर सिन्हा उर्फ बोदी, जिला समन्वयक आ वि.,सुमित चौबे, समाज कल्याण विभाग के प्रेम प्रकाश वर्मा , खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक साहनी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक मो बेलाल, बिपिन कुमार, निमाई चौधरी,शारीरिक शिक्षक आदित्य कुमार, बीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार , पूर्व टाईगर एथलेटिक्स क्लब के मनीष गुप्ता, रजाउद्दीन , जीम ट्रेनर गौरव झा समेत अन्य मौजूद थे।

## ट्रेन के माध्यम से बिहार लेकर जा रहे अवैध विदेशी शराब को जब्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजा :** विधानसभा चुनाव को लेकर आरपीएफ ने अपनी सक्रियता बड़ा दी हैं ।शुक्रवार को आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन के माध्यम से बिहार लेकर जा रहे अवैध विदेशी शराब को जब्त किया हैं।आरपीएफ इंस्पेक्टर किस्टोफर किस्कू ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर आरपीएफ पुलिस ट्रेन में लगातार छापेमारी अभियान चला रही ही। गुप्त सूचना मिली कि अजीमगंज भागलपुर वर्धमान पैसेंजर से भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आलोक में आरपीएफ पुलिस बलों ने ट्रेन में जांच अभियान चलाया। इसी दौरान वर्धमान ट्रेन की सीट के ऊपर वाले सीट पर कुछ बोरा रखा हुआ था जांच पड़ताल की गई तो उसे बोरा में विभिन्न कंपनियों के भारी मात्रा में विदेशी शराब थे। बोगी में मौजूद यात्रियों से पूछताछ किया गया लेकिन किसी ने भी अपनी दावेवदारी नहीं की। आरपीएफ पुलिस में सभी शराब के बोरों को जब्त कर थाने ले आई। उन्होंने बताया की लगभग 120 शराब की बोतल जब्त की गई। जिसकी कुल कीमत लगभग 75940 हैं। छापेमारी के दौरान आरपीएफ हेमंत कुमार, सबल किशोर, नेहा कुमारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## वोट देकर जिताएंगे और हम लोग वोट बर्बाद नही करेंगे : ग्रामीण

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंज :** बरहरवा कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने बरहरवा प्रखण्ड के भीमपाड़ा,मोगल पाड़ा, महाराजपुर, चौलिया, श्रीकुण्ड के हरिजन टोला बेड़ोम विनोदपुर, केशो पुर,बिंदुपाड़ा,रूपसपुर, करेला, नुराई सहित विभिन्न ग्रामों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात किया एवं ग्रामीणों को महागठबंधन प्रत्याशी निसात आलम को भारी संख्या में वोट देने की अपील की। साथ ही सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगो के समक्ष रख कर उन्हें उनके होने वाले फायदों को बताया। वही ग्रामीणों ने भी एक मत होकर आश्वस्त कराया कि इसबार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी निसात अलाम को ही वोट देकर जिताएंगे तथा हम लोग वोट बर्बाद नही करेंगे।मौके परजिला महासचिव भोलानाथ महतो,जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल,नगर उपाध्यक्ष छोटेलाल रमानी,प्रियरंजन दास,मानिक रविदास मौजूद थे।

## झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में जन संपर्क अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** समलापूर में बोरियो विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में जन संपर्क अभियान में झामुमो केंद्रीय सचिव सह विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा शामिल हुए।पार्टी के युवा कर्मठ प्रत्याशी धनंजय सोरेन को बोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील ग्रामीणों से किया।उक्त कार्यक्रम में भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन दर्जनों लोगों ने थाम फिर से अबुआ की हेमंत सरकार बनाने का निर्णय लिया है।मौके पर सिदेश्वर मंडल, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव,सुरेश शाह,मनोज



चौरसिया,अफताब आलम, संतोष मंडल,आदित्य यादव, लाल यादव,पंकज मडेया,सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिक ने अत्यधिक दवा खाने से हो गयी मूर्छित

साहिबंगजःजिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के झंडा मेला निवासी रंजीत शाह की 16 वर्षी नाबालिक पुत्री रुचि कुमारी ने अत्यधिक दवा खा लेने से मूर्छित हो गई।स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।स्वजनों ने बताया कि नाबालिक पुत्री मानसिक रूप से बीमार है उसके बीमार पिता दवाई रखा हुआ था उसे दवाई को अत्यधिक मात्रा में खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। पूछताछ के दौरान बताया कि अपने पिता का दवाई खाली है। हालत बिगड़ता देख उसे इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। इधर जिरवाबाड़ी पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# यह चुनाव झारखंड की अस्मिता बचाने की है : चंपाई सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा :** जामा प्रखंड स्थित बेलकुपी हेलीकॉप्टर मैदान में शुक्रवार को भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में साढ़े 4 साल सिर्फ भ्रष्टाचार चार हुआ, सरकार में रहकर हमने बहुत बार बताया लेकिन किसी ने मेरी बातों को नहीं सुना। सिदो-कान्हू की पावन धरती में आदिवासियों की आबादी घटी है, इसकी अस्मिता बचाना है। इंडी गठबंधन घुसपैठी पर कोई बोलने को तैयार नहीं हैं। कंग्रेस के प्रभारी बोल दिए कि अंग्रेज नहीं समाप्त कर सका तो। झारखंड में घुसपैठियों बढ़ता गया। बहू बेटी पर अत्याचार लगातार हुआ। आदिवासियों की जमीन घुसपैठी छीन लिया हैं यह खेल चल रहा है। इडी गठबंधन सरकार आते ही जमीन में कब्रिस्तान बन गया। सरकार में सिर्फ भष्ट्राचार हुआ, 5 महीना काम किया, वही 4 साल भारी पर पड़ गया। 5 माह से पेंशन को रूटीन बना दिया। सहायक शिक्षक के रूप में 26 हजार का बहाली होना था लेकिन हम हटते ही बंद कर दिया। सड़क पर बेरोजगार धरना प्रदर्शन कर रहे



हैं। मईया सम्मान योजना मेरा ही लाया हुआ है। हमारे हटते ही आधा लोगों को दिया, आधा को नहीं दिया। सरकार बनते ही 25 सौ रूपया वृद्धा पेशन, विधवा, दिव्यांग लोगों को एवं 2100 गोगो दीदी को दिया जायेगा। उत्पाद विभाग पुलिस बहाली में दर्जनों युवको की मौत हो गई। लेकिन सरकार की आंखें बंद रही। आदिवासी-मूलवासी को बचाना है, झारखंड के खनिज संपदा भरा है। लूट-खसोट से बचना है, तो भाजपा की सरकार लानी होगी। हेमंत सोरेन साढ़े चार साल में छाती ठोकर बता सके की कोई बड़ा काम किया हो । लेकिन हम 5 माह में आईना के तरह साफ कर दिये की काम कैसे होता है। भाजपा ही घुसपैठ का विरोध कर सकती है। सरकार बनते ही सब घुसपैठ को चुन चुन कर निकाल देंगे। हमने झारखंड आंदोलन किया था, इसी लिए हमें आदिवासी मूलवासी बेटी बहु की चिंता हैं। भोगनदिह तक रामेश्वर मुर्मू का हत्या कर दिया, न्याय नहीं मिला, भाजपा पर विशवास जताये, कभी भी कांग्रेस झारखंड के भला नहीं किया हैं। झामुमो पार्टी आदिवासी मूलवासी की रक्षा की बात करते थे परंतु अब झामुमो बदल गया है। हमनें संघर्ष किया तो हमारे साथ लाखों लोग जुड़ते चला गया। मंच पर भावुक होकर रो पड़े सुरेश मुर्मू, गमगीन हुआ मंच कार्यक

ताओं के आंखें हुए नम

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने कहा कि मैं विनती करने आया हूं। दो बार आपलोगों ने मेरा साथ दिया, लेकिन कुछ वोटों से पिछड़ गया। भाजपा प्रत्याशी श्री मुर्मू ने झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी का नाम लेते हुए कहा कि लुईस मरांडी यहां इस लिए आयी है उनके पास पैसा है, मेरे पास खपरैल मकान है, उनके पेट्रोल पंप, खदान और आलीशान मकान है। लेकिन मेरे पास पैसा नहीं है लेकिन एक बात आपको बता दूं कि मैं गरीब हूँ, लेकिन कमजोर कतई नहीं हूँ आप सब कार्यकर्ता मेरे साथ हैं तो यहीं हमारी पूंजी हैं। अंत में भावुक चेहरे से झोली फैला कर रोते हुए निवेदन किया कि तीसरी बार आपके सामने भाजपा प्रत्याशी के रूप में खड़ा हूँ। इस बार आप जीताकर विधानसभा भेजे, हम आपलोगों के बीच रह कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा।

कार्यक्रम के उपरांत गुड्डू दर्वे, चंद्रदेव समेत दर्जनों लोगों ने झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर कलस्टर प्रभारी सांसद विवेक ठाकुर, बंगाल विधायक कमलाकांत हांसदा, जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद, राजू पुजहर, इंद्रकांत यादव, मुन्ना यादव, नयन, रामचंद्र खिरहर, दुर्योधन राय, आनंदी राउत, राजू दर्वे, विनय यादव, दिलीप, सुनील, रामयश, प्रदीप, जगदीश, पगान हांसदा आदि मौजूद थे।

## फिल्म समीक्षाः द साबरमती रिपोर्ट

# गोधरा कांड से पर्दा उठाने आये विक्रांत मैसी



**विक्रांत मैसी** की नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट रिलीज हो गई है। निर्देशक धीरज सरना की यह फिल्म साल 2002 में हुए गोधरा कांड पर आधारित है, जिसमें मारे गए 59 लोग मारे गए थे। गोधरा कांड का सच क्या था और क्या दिखाया गया, फिल्म में इससे पर्दा उठाने की कोशिश की गई है, क्योंकि इस कांड मपर पड़ताल कम और राजनीति ज्यादा हुई थी। हालांकि निर्देशक धीरज सरना की कमजोर कहानी और स्क्रीनप्ले के कारण फिल्म में ऐसा कुछ नया नहीं है, जो पहले से मीडिया और अखबारों में न हो। यही वजह है कि गोधरा कांड जैसा मुद्दा पर्दे पर संवेदनशीलता नहीं जगा पता है।

**क्या है फिल्म की कहानी?** : फिल्म की शुरूआत साबरमती एक्सप्रेस में राम भक्तों के चढ़ने और फिर ट्रेन के जलने से होती है। इसके बाद हमें राज फिल्म का सबसे फेमस सीन दिखाया जाता है, जिसमें मालिनी का भूत बेहद सिडक्टिव अंदाज में डोनो मोरेया के किरदार आदित्य को बर्बाद करने की बात कर रहा है। इस स्क्रीन को प्रेस स्क्रीनिंग में दिखाया जाता है, जहां वीडियो जर्नलिस्ट के रूप में पहुंचा हिंदी मीडियम का पत्रकार समर कुमार (विक्रांत मैसी) मेकर्स से एक ओछा सवाल पूछ लेता है।

सीन को देखकर समर कुमार, राज फिल्म के मेकर्स से पूछता है कि पर्दे पर दिखने वाली लड़की तो भूतनी है, तो फिर वो लिपीस्टिक क्यों लगाती है। ये सवाल सुनकर मेकर्स भड़क जाते हैं और इसी के साथ समर की गर्लफ्रेंड भी नाराज हो जाती है। समर इस स्क्रीनिंग पर मेकर्स के साथ फोटो खिंचवाने के लिए अपनी इंग्लिस मीडियम गर्लफ्रेंड श्लोका (बरखा सिंह) को साथ लाया था। उसके बिना-सिर पैर के सवाल ने उसकी बेइज्जती करवाई और उसकी गर्लफ्रेंड का फोटो खींचने का मौका भी छीन लिया।

इवेंट से निकलकर जाते हुए समर को ऑफिस से एक कॉल आता है। ये कॉल उसकी जिंदगी और दुनिया को देखने का नजरिया बदलने वाली है। समर को साबरमती एक्सप्रेस में लगी आग की रिपोर्टिंग के लिए भेजा जाता है। उसके साथ जाती है इबीटी न्यूज चैनल की सीनियर जर्नलिस्ट मनिका राजपुरोहित (ऋद्धि डोगरा)। यहां मनिका और समर साथ ग्राउंड जीरो पर पता लगाने की कोशिश करते हैं कि आखिर हादसा कैसे हुआ। उन्हें जो पता चलता है और मनिका जो रिपोर्टिंग करती है, उन दोनों बातों में जमीन आसमान का फर्क है।

समर कुमार यहां अपनी रिपोटिंग करता है और फिर वीडियो की टेल ले जाकर ऑफिस में जमा करा देता है। लेकिन टीवी पर मनिका के कहे झूठ को ही दिखाया जाता है और समर की सच्चाई भरी आवाज को दबा दिया जाता है और उसे नौकरी से बेदखल कर दिया जाता है। नौकरी छोड़ चुका समर शराबी हो चुका है, लेकिन उसे 5 सालों के बाद दौबारा मौका मिलता है गोधरा में हुए कांड की सच्चाई को उजागर करने का। नानावटी कमीशन की रिपोर्ट के बाद मनिका अपनी पोल खुलने के डर से चैनल की नई रिपोर्टर अमृता गिल (राशी खन्ना) को गोधरा भेजती है, ताकि वो अपनी एक नई कहानी गढ़ सके। मगर यहां अमृता के हाथ समर की वो पुरानी फुटेज लग जाती है, जिसे चैनल ने दबा दिया था। अमृता समर को ढूंढकर गोधरा कांड की सच्चाई की तह में जाने का फैसला करती है, लेकिया क्या वो इसमें कामयाब होती है। यह तो आपको पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता चल पाएगा।

**कैसा है अभिनयः** विक्रांत मैसी कितने बढ़िया एक्टर हैं इस बात को उन्होंने पिछले कुछ सालों में अपनी अलग-अलग फिल्मों में साबित कर दिया है। फिल्म द साबरमती रिपोप्ट में भी उनका काम अच्छा है, लेकिन आपको उनके कैरेक्टर की लिखाई में खराबी भी साफ दिखाई देती है। ऋद्धि डोगरा ने एक सीनियर और रूड जर्नलिस्ट के तौर पर अच्छा काम किया है।

## माधुरी ने साझा किया नब्बे के दशक का किस्सा, कहा-

# 'श्रीदेवी और मैं एक सेट पर होकर भी...'



**श्रीदेवी** और माधुरी दीक्षित नब्बे के दशक की ऐसी अभिनेत्रियां रहीं, जिनके नाम पर फिल्में हिट हो जाया करती थीं। दोनों की अपनी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग रही। उस समय इन दोनों के बीच की राइवलरी की बात भी खूब सुनने को मिलती रही। अब इस बारे में माधुरी ने खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान भी जाहिर किया।

**माधुरी ने की श्रीदेवी की तारीफ** : हाल ही में माधुरी दीक्षित ने एक इंटरव्यू में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की खूब तारीफ की। माधुरी ने कहा, 'मैं और श्रीदेवी एक दूसरे का बहुत सम्मान करते रहे। मैं तो बतौर कलाकार उनकी बहुत इज्जत करती हूं। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया, साथ ही हर भाषा की फिल्मों में श्रीदेवी जी को सफलता मिली। वह मेरे प्रति बहुत ही अच्छा रवैया रखती थीं।'

**कभी बात करने का मौका नहीं मिला** : माधुरी ने श्रीदेवी और बोनी कपूर की बतौर निमार्ता एक फिल्म 'पुकार' की थी। इसमें वह मुख्य भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म और श्रीदेवी से अपने रिश्ते के बारे में माधुरी कहती हैं कि फिल्म के सेट पर वह अपने रोल पर ध्यान देती थी, वहीं श्रीदेवी जी प्रोडक्शन का काम संभालतीं। ऐसे में इन दोनों को साथ बैठकर बात करने का मौका कम ही मिला। माधुरी बताती हैं, 'हमें फिल्म की शूटिंग के दौरान ज्यादा बात करने का मौका नहीं मिला।' इस फिल्म के बाद माधुरी अमेरिका चली गईं, क्योंकि उनकी डॉक्टर राम नेने से शादी हो गई थी।

धमाल 4 में नजर आ सकती हैंः दिवाली पर माधुरी दीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय को काफी पसंद किया गया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की है। हाल ही में एक खबर और आई है कि माधुरी दीक्षित फिल्म 'धमाल 4' में भी नजर आ सकती हैं।


# आईपीएल में 574 प्लेयर्ज पर लगेगी बोली 208 विदेशी, दो करोड़ हाइएस्ट रिजर्व प्राइज




**नई दिल्लीः** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी लिस्ट जारी हो गई है। आईपीएल 2025 में कुल 574 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार भी आईपीएल की नीलामी दो दिन चलेगी। 574 खिलाड़ियों में से 366 भारतीय और 208 विदेशी हैं, जिनमें एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ी शामिल हैं। नीलामी में 318 भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी और 12 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। इस नीलामी के दौरान 204 स्थानों के लिए बोली लगेगी, जिनमें से 70 विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होंगे।

दो करोड़ रुपये हाईएस्ट रिजर्व प्राइस है, जिसमें 81 खिलाड़ी हाईएस्ट ब्रैकेट में हैं। दो दिन तक चलने वाली मेगा नीलामी 24 नवंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली बड़ी नीलामी के लिए खुद को रजिस्टर करवाया था। इसमें कुल 409 विदेशी खिलाड़ियों भी शामिल थे। यह लगातार दूसरा साल है, जब नीलामी विदेश में हो रही है। आईपीएल 2024 से पहले पिछली नीलामी दुबई में हुई थी।

## ट्रोलिंग के बाद साउंड मिक्सिंग पर फिर काम करेंगे सूर्या की 'कंगुवा' के निर्माता! सीक्वल पर आया अपडेट



**सूर्या** की मुख्य भूमिका वाली पीरियड फैंटेसी फिल्म कंगुवा 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में उतरी। शिवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों दोनों से नकारात्मक समीक्षा मिल रही है। पुराने आधुनिक समय के हिस्से और तेज साउंड डिजाइन ने कंगुवा को सिनेप्रेमियों के लिए बेकार अनुभव बना दिया। हालांकि, निमार्ता केई ज्ञानवेल राजा ने हाल ही में साउंड मिक्सिंग पर फिर से काम करने को लेकर टीम की योजना के बारे में बात की और खुलासा किया कि कंगुवा 2 को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। म्यूजिक पर होगा दोबारा कामः हाल ही में कंगुवा के निमार्ता केई ज्ञानवेल राजा ने फिल्म के तेज साउंड डिजाइन की आलोचनाओं के बारे में बात की। संगीतकार देवी श्री प्रसाद का बचाव करने वाले निमार्ता ने खुलासा किया कि यह उनकी धुनों के साथ समस्या नहीं है। ज्ञानवेल राजा का कहना है कि यह फिल्म की साउंड मिक्सिंग है, जो गलत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि कंगुवा टीम फिल्म के साउंड मिक्सिंग को फिर से बनाने और वॉल्यूम को कम करने की योजना बना रही है।

**फिल्म की आलोचना पर क्या बोले निर्माताः** केई ज्ञानवेल राजा ने कहा कि कंगुवा 2 बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि शिवा निर्देशित फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिल रही है और फिल्म के केवल पहले 20 मिनट की ही आलोचना की जा रही है। निमार्ता दूसरी किस्त को और भी ज्यादा शानदार बनाने की योजना बना रहे हैं, बड़े पैमाने पर और बड़े बजट पर बनाने की कोशिश है। निमार्ता ने यह भी कहा कि यह फिल्म जल्द ही कुछ दिनों में सूर्या की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी।

**फिल्म का बजटः** सूर्या ने दो किरदार निभाए, एक 'कंगुवा', जो एक आदिवासी योद्धा है और दूसरा 'फ्रांसिस', जो एक आधुनिक युग का इनाम शिकारी है।

# जब डाक्टर अभिषेक बच्चन को कहता है, आपके पास सिर्फ 100 दिन बचे हैं



**बॉलीवुड** अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपनी आने वाली फिल्म आई वांट टू टॉक में अपनी इमोशनल जर्नी के बारे में खुलासा किया है। यह फिल्म एक इंसान की कहानी है, जिसे यह बताया जाता है कि उसके पास सिर्फ 100 दिन हैं। ऐसे में फिल्म में मौत, आत्म-चिंतन और अंत की अहमियत को गहराई से दिखाया गया है। अभिषेक ने बताया कि फिल्म आई वांट टू टॉक की कहानी ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर किया कि यदि किसी को बताया जाए कि उसके पास सिर्फ 100 दिन ही बचे हैं, तो वह क्या महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि जब डॉक्टर आपको यह बताता है कि आपके पास सिर्फ 100 दिन हैं, तो इसे मानना और समझना आसान नहीं होता। एक बार जब आप इसे समझ लेते हैं, तो असली सवाल यह होता है बचा हुआ समय मैं कैसे बिताऊँ? क्या मुझे छोड़ देना चाहिए? क्या मुझे खत्म करना चाहिए? अभिषेक ने बताया कि ऐसी स्थिति इंसान को यह सोचने पर मजबूर करती है कि उसके लिए सबसे ज्यादा क्या मायने रखता है, जैसे रिश्तों को सुधारना, पैसों के मामलों को सुलझाना या जीवन के मकसद के बारे में सोचना। अभिषेक ने रात में जागते हुए आने वाले गहरे ख्यालों के बारे में बात की, जब इंसान अनजानी चीजों के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि क्या मैं कल सुबह उठूंगा? क्या ये मेरी आखिरी रात है? मुझे अपनी आखिरी रात कैसे बितानी चाहिए? उन्हें किसी के आखिरी दिनों के बारे में सोचना दिलचस्प और इमोशनल दोनों लगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छा लगता है कि आप एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें किसी के पास जीने के लिए सिर्फ.100 दिन हैं, लेकिन जब आप सच में इस बारे में सोचते हैं, तो यह एक बेहद गहरी सोच है। शूजित सरकार द्वारा निर्देशित आई वांट टू टॉक एक दिल छूने वाली फिल्म है, जो समय के साथ जीने और रिश्तों को समझने की गहरी कहानी पेश करती है। यह फिल्म एक पिता और बेटी के रिश्ते पर आधारित है, जो 22 नवंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में जॉनी लीवर और अहिल्या बामरू भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## भारत बनाम द. अफ्रीका

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, 135 रनों से दी मात, सीरीज पर भी कब्जा



**जोहान्सबर्ग** : संजू सैमसन (नाबाद 109) और तिलक वर्मा (नाबाद 120) रनों की रिकार्ड आतिशी शतकीय पारियों के बाद अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) की शानदान गेंदबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 135 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने चार टी-20 मैचों की सीरीज 3-1 से जीत ली हैं। 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को अर्शदीप सिंह के कहर का समना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 2.5 ओवर में मात्र 10 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) को बोल्ड कर अपना पहला शिकार बनाया। अगले ओवर में हार्दिक पांड्या ने रायन रिकलटन (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान एडन मारक्रम (आठ)और हाइनरिक क्लासन (शून्य) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ऐसे संकट के समय ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने डेविड मिलर को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिलर ने 27 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (36) रन बनाये। अगले ओवर में रवि बिश्नोई ने ट्रिस्टन स्टब्स को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। स्टब्स ने 29 गेंदों में दो छक्के और तीन चौके लगाते हुए (43) रन बनाये। ऐंडिले सिमेलाने (दो) और गेराल्ड कोएत्जी (12) रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने केशव महाराज (6) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। 19वें ओवर में रमनदीप सिंह ने लुथो सिपामला (तीन) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया। दक्षिण अफ्रीका 18.2 ओवर में 148 रन ही बना सकी और 135 रनों से मुकाबला हार गई।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। वरूण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। हार्दिक पंड्या, रवि बिश्नोई और रमनदीप सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 284 रनों का लक्ष्य दिया था। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। छठे ओवर में लुथो सिपामला ने अभिषेक शर्मा को विकेटकीपर क्लासन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए (34) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के साथ रिकार्ड 210 रनों की अवजित साझेदारी करते हुए मैदान पर छक्के और चौको बारिश कर दी। संजू सैमसन ने 56 गेंदों में नौ छक्के और छह चौके लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की पारी खेली। वहीं तिलक वर्मा ने 47 गेंदों में 10 छक्के और नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 120) रनों की रिकार्ड पारी खेली। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट पर 283 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह विदेशी जमीन पर भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। साथ ही यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह सिर्फ तीसरा बार है जब टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की एक पारी में दो शतक लगे हों। भारत की ओर यह पहली बार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में सात गेंदबाजों को मैदान में उतारा लेकिन सफलता केवल लुथो सिपामला को मिली। उन्होंने अभिषेक शर्मा को आउट किया।

न्यूज ब्रीफ

## सिपाही भर्ती परीक्षा में असफल होने पर युवती ने की आत्महत्या की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

**नालंदा :** सिपाही भर्ती परीक्षा में असफल होने पर एक लड़की ने आत्महत्या की कोशिश की. यह मामला जिले के सोहराय थाना क्षेत्र का है. लड़की की पहचान 20 वर्षीय हरनौत के रूप में हुई है. दरअसल लड़की सिपाही भर्ती परीक्षा में असफल हो गई थी. जिससे तनाव में आ कर लड़की ने पहाड़ से छलांग लगा दी.स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल लड़की की हालत अभी ठीक है. हालांकि इस घटना में लड़की बाल-बाल बच गयी. स्थानीय लोगों के मुताबिक, लड़की पहाड़ से छलांग लगाने के बाद नीचे पेड़ पर अटक गई. । घटना की जानकारी मिलने के बाद एक घंटे की मशक्कत के बाद लड़की को नीचे उतारा गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और लड़की को एम्बुलेंस से माध्यम से सदर अस्पताल लाया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भागलपुर :** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दिन गंगा स्नान और दीप दान का बड़ा महत्व है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक के पूरे महीने तक दीपदान और गंगा स्नान करने से ही सारे पापों से मुक्ति मिलती है. इससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है. इसलिए श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान कर दीपदान करते हैं. सुल्तानगंज में गंगा में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए नगर परिषद के द्वारा बांस और बैरेकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। एसडीआरएफ की टीम लगातार गंगा में भ्रमणशील है। सुरक्षा की व्यवस्था जगह-जगह की गई है।

## भारत की पहली सेटेलाइट टू डिवाइस सर्विस शुरू, अब बिना सिम करें कॉल और एसएमएस

**नई दिल्ली:** सरकारी टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल ने भारत में सेटेलाइट-टू-डिवाइस सर्विस लांच कर दी है। बीएसएनएल ऐसा करने वाली पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है। बीएसएनएल ने इस टेक्नोलॉजी के लिए कैलिफोर्निया की कंपनी वाइसेट के साथ पार्टनरशिप की है। बीएसएनएल की यह खास सर्विस रिमोट एरिया व बिना नेटवर्क वाली जगहों पर नेटवर्क प्रोवाइड करने वाली है। खासतौर पर पहाड़ी और जंगली इलाकों में इस सर्विस का यूज किया जाएगा। इस सर्विस को लांच करते हुए डीओटी ने एक छोटी वीडियो शेयर की है, जिसमें सैटेलाइट-टू-डिवाइस सर्विस की झलक दिखाई गई है। यह सर्विस उन स्थितियों में बीएसएनएल यूजर्स को मदद करेगी, जहां सेलुलर नेटवर्क या वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं होती। बिना सिम कार्ड के कॉलिंग के साथ ही यूजर्स इस सर्विस के जरिए एसएमएस यानी एमर्जेंसी मैसेज भी भेज सकते हैं और यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। कंपनी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि क्या यह सुविधा सामान्य कॉल्स और एसएमएस के लिए उपलब्ध होगी या नहीं।

## व्हाट्सऐप पर ड्राफ्ट मैसेज फीचर, आसानी से मिलेंगे अधूरे लिखे मैसेज



**नई दिल्ली:** व्हाट्सऐप ने यूजर्स के लिए एक और नया फीचर रोलआउट करना शुरू किया है। व्हाट्सऐप ने ड्राफ्ट मैसेज नाम की एक नई सुविधा शुरू की है। इस फीचर के तहत जिन चैट्स में ड्राफ्ट मैसेज होगा, वो चैट सबसे ऊपर दिखेंगी। यह फीचर आईओएस और एंड्रॉयड दोनों यूजर्स के लिए उपलब्ध हो गया है। व्हाट्सऐप का कहना है कि यह फीचर इसलिए लाया है, ताकि यूजर्स को याद रह सकें कि वो किसी को मैसेज भेज रहे थे और वो मैसेज अनसेंड रह गया है। इसके साथ ही टाइप किए गए मैसेज को चैट थ्रेड में खो जाने से रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।

अपडेट के साथ अब व्हाट्सऐप पर कोई भी अधूरा मैसेजः आटोमेटिकली एक ड्राफ्ट लेबल ले लेगा और चैट लिस्ट के टॉप पर दिखाई देगा। ऐसे में यूजर्स उन अधूरे मैसेज पर ध्यान दे पाएंगे जो वो उस समय नहीं भेज पाएं हैं और वह तुरंत वहीं से शुरू कर सकें, जहां उन्होंने छोड़ा था। इससे यूजर आसानी से पहचान सकेंगे कि कौन सी चैट में मैसेज अभी तक भेजे नहीं गए हैं। व्हाट्सऐप ने हाल ही में कस्टम लिस्ट्स फीचर की घोषणा की है।

## सुनीता विलियम्स खतरे में! अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में आई दरारें, कई जगह से हो रही है लीकेज



**नई दिल्ली :** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (में कई सालों से हल्की लीकेज हो रही थी, जो अब बढ़ गई है। पता चला है कि ये दरारें 50 से

ज्यादा हो गई है, जिससे सुनीता पर खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर अब नासा भी चिंता में है। नाआस की एक जांच रिपोर्ट लीक हो गई है, जिससे पता चला की आईएसएस पर खतरा है और सभी अतंरिक्ष यात्री भी सेफ नहीं है।

सुनीता विलियम्स अपने साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर के साथ जून से ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं। पिछले 150 दिनों से अधिक समय से दोनों अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री ने पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरी थी और छह जून को आईएसएस पहुंचे थे। अगले साल फरवरी में इनके वापस आने की उम्मीद है। हालांकि, इतने समय से अंतरिक्ष स्टेशन में रहने वाली सुनीता विलियम्स के स्वास्थ्य को लेकर कई बार चिंता जाहिर की जा चुकी है।

कोहरे का कहर

# अमृतसर हवाई अड्डे पर तीन फ्लाइट्स कैंसिल, ट्रेनों की स्पीड पर भी लगा जाम, विजिबिलिटी जीरो



**अमृतसर :** उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। पंजाब में भी धुंध की वजह से कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य हो गई है। घनी धुंध की वजह से अमृतसर एयरपोर्ट पर आने वाली तीन फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी और आधा दर्ज फ्लाइट्स कई घंटे देरी से लैंड हुईं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। वहीं फिरोजपुर मंडल ने धुंध की वजह से लोको पायलट को ट्रेनों को धीमी रफ्तार से चलाने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि धुंध में पायलट को सिग्नल नजर नहीं आते जिससे हादसे होने का खतरा रहता है।

वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए पंजाब में घनी धुंध का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने शनिवार को पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की बारिश की भी संभावना जताई है, जिसके बाद ठंड भी बढ़ सकती है। शुक्रवार को अमृतसर का न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहं अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। यह सामान्य से 3.8 डिग्री दर्ज किया गया। अमृतसर में तापमान 20.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

भारतीय रेलवे का फैसला

## ट्रेन के अंदर और पटरियों के ऊपर रील बनायी तो खैर नहीं, दर्ज होगा केस



**नई दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन के लिए निर्देश जारी कर कहा है कि रेल सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने पर केस दर्ज किया जाएगा। यानी अगर कोई शख्स ट्रेन में या ट्रेन की पटरियों पर रील बनाएगा तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। दरअसल लोग सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए रेल और रेल की पटरियों पर रील बनाते हैं। कई जगह ये भी देखा गया है कि रील बनाते-बनाते लोग चलती ट्रेन से घायल भी हुए हैं। युवाओं में खासकर यह क्रेज है कि वह रेलवे की पटरियों पर जाकर एक्शन रील बनाते हैं या फिर कुछ एक्सपेरिमेंट करते हैं, जैसेकि ट्रेन की पटरी पर पत्थर रख दिया या कोई सामान रख दिया। इस तरह की रील बनाने वाले लोग खुद के साथ-साथ रेल यात्रियों की जिंदगी भी खतरे में डालते हैं।

ऐसे में रेल पटरियों और चलती ट्रेनों में रील बनाने को लेकर सरकार सख्त रवैया अपना रही है। ऐसा करने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने इस मामले में अपने सभी जोन को निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि अगर रील बनाने वाले सुरक्षित रेल परिचालन के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं या कोचों या रेल परिसरों में यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनते हैं तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

# जेपी नड्डा पर नाराज हुए गुरुद्वारे के सेवादार, कीर्तन में खलल का आरोप



**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार में जुटे जेपी नड्डा शुक्रवार को ठाणे स्थित एक गुरुद्वारे में पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में नेता पहुंचे, तो कीर्तन में खलल पड़ गया और इससे वहां मौजूद सेवादार भडक गए। सेवादारों की नाराजगी के बीच ही जेपी नड्डा वहां से भाजपा नेताओं के साथ निकल गए। गुरुनानक जयंती पर वह तिनहट नाका इलाके में स्थित गुरुद्वारे में पहुंचे थे। नानक जयंती के चलते यहां बड़े पैमाने पर भीड़ थी और सेवादारों का कहना है कि जेपी नड्डा के साथ तमाम नेता पहुंचे थे। इसके चलते कीर्तन में खलल पहुंचा। जेपी नड्डा के साथ ठाणे शह के विधायक और भाजपा कैंडीडेट संजय केलकर, ठाणे शहर के भाजपा अध्यक्ष संजय वाघुले, विधान परिषद के मेंबर निरंजन डावखरे समेत कई नेता मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार गुरुद्वारे में दर्शन करने और मत्था टेकने के बाद वह भाजपा नेताओं के साथ तस्वीर के लिए खड़े हो गए थे।

इस दौरान वहां बड़ी संख्या में लोग जुटे थे और कहा जा रहा है कि सेवादार इससे नाराज हो गए। उनका कहना था कि इसके चलते कीर्तन में बाधा पहुंची थी। कहा यह भी जा रहा है कि जेपी नड्डा के चलते कुछ श्रद्धालुओं को रोका गया था। इससे भी वहां मौजूद सेवादारों को आपत्ति हुई। इस पर उन्होंने जेपी नड्डा समेत भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों को बाहर जाने को कहा। सेवादारों के नाराज होते ही नड्डा और उनके साथ मौजूद सभी नेता, विधायक, पदाधिकारी गुरुद्वारा छोडकर चले गए। भीड़ से निकलते हुए नड्डा का एक वीडियो सामने आया है। गुरुद्वारा से निकलने के बाद अब नड्डा दूसरे कार्यक्रम पहुंचे हैं और वहां लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हालांकि ठाणे में सेवादारों की नाराजगी की चर्चा भी राजनीतिक हलकों में हो रही है। इस मामले में अब तक जेपी नड्डा या उनके ऑफिस से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## एलन-रामास्वामी ने निकाली वैकेंसी, डॉज के लिए कर्मचारियों की तलाश, योग्यता का खास पैमाना,1



**एजेंसी/वाशिंगटनः** टेस्ला के मालिक एलन मस्क और भारतीय-अमरीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने अपनी नई टीम के लिए वैकेंसी निकाली है। डोनाल्ड ट्रंप ने इन दोनों को नए अमरीका में बने विभाग डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डॉज) की जिम्मेदारी सौंपी है। अब यह दोनों एक्स पर पोस्ट कर- के इस विभाग के लिए उपयुक्त कर्मचारी ढूंढ रहे हैं। कर्मचारियों के लिए योग्यता का खास पैमाना भी रखा गया है। इसके मुताबिक उनका आई क्यू लेवल बहुत ही बेहतरीन होना चाहिए। सेलेक्शन होने के बाद इस कर्मचारी को हफ्ते में 80 घंटे से अधिक काम करने के लिए भी तैयार रहना होगा। इस हफ्ते की शुरूआत में ही डॉज का अकाउंट एक्स पर क्रिएट किया गया है। अभी तक इस अकाउंट पर 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हो चुके हैं। डॉज के एक्स अकाउंट पर नौकरी को लेकर एक पोस्ट डाली गई है। विभाग लोगों को पार्ट टाइम नौकरी पर रखने के पक्ष में नहीं है। इसके बजाए डॉज को ऐसे कर्मचारी चाहिए, जिनका आई क्यू लेवल बहुत ही तगड़ा हो। यह कर्मचारी सरकारी विभाग में क्रांति करने की इच्छा रखते हों। साथ ही इनके वर्किंग ऑवर भी बताया गया है। इसके मुताबिक इन्हें 80 से ज्यादा घंटे तक काम करना होगा। हालांकि इसमें यह नहीं बताया कि डॉज में काम करने के लिए एजुकेशन लेवल और अनुभव क्या होना चाहिए। अप्लाई करने वालों को अपना रेज्यूमे एक्स पर डायरेक्ट मैसेज पर भेजना होगा। हालांकि केवल वेरिफाइड और आठ डॉलर महीने का प्रीमियम सब्सक्रिप्शन ले चुके यूजर ही अपना रेज्यूमे भेज सकेंगे। शीर्ष के एक फीसदी एप्लीकेंट्स को मस्क और रामस्वामी खुद देखेंगे।

## मोदी का प्लेन खराब, ढ़ाई घंटे विमान में ही रहे पीएम, दूसरे प्लेन से दिल्ली रवाना



**देवघरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण विमान को देवघर एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय राजधानी लौटने में कुछ देरी हुई। पीएम मोदी दूसरे प्लेन से दिल्ली रवाना हुए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिल्ली जा रहे विमान में झारखंड के देवघर एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण उन्हें राष्ट्रीय राजधानी लौटने में देरी हुई। यह घटना उस समय हुई, जब पीएम मोदी चुनावी राज्य में अपने कार्यक्रम समाप्त कर दिल्ली लौटने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे।

सुरक्षा उपाय के तौर पर विमान को उतार दिया गया, जबकि तकनीकी टीमें समस्या की पहचान करने और उसे हल करने में जुटी रहीं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को झारखंड में दो रैलियों को संबोधित किया, जो आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के सम्मान में मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम 20 नवंबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से कुछ दिन पहले हुए। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने बिरसा मुंडा के नाम का एक विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया।

# योगी सरकार के मंत्री मनोहर लाल पर जानलेवा हमला, स्टाफ और पीएसओ से भी की मारपीट, पिस्टल भी छीनकर ले गए हमलावर



**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में योगी सरकार के मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर हमला हो गया। इस हमले में मंत्री को भी चोटें आई हैं। आरोपियों ने मंत्री के स्टाफ और ढरड के साथ भी मारपीट की और ढरड की पिस्टल लूटकर फरार ले गए।

जानकारी के अनुसार योगी सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान काफिले की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई और उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गई। यह हमला उस वक्त हुआ जब उत्तर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी आगरा से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच ग्वालियर के बिलौआ थाना क्षेत्र के जौरासी गांव के पास एक ट्रक का हाईवे पर एक्सीडेंट हुआ था, जिसकी वजह से हाईवे पर जाम लगा हुआ था। जब मंत्री इस जाम में फंसे तो उनके काफिले ने रॉन्ग साइड से आगे बढ़ने का फैसला किया।

जैसेही वे दूसरी ओर से आगे बढ़े, इसी दौरान रास्ते में एक बाइक सवार उनके वाहन के आगे आ गया। जब राज्यमंत्री के पीएसओ सर्वेश ने उसे रास्ते से हटने और उन्हें निकलने देने की बात कही तो तो दोनों के बीच विवाद हो गया।

इस दौरान आरोपी युवक ने मंत्री के पीएसओ से बदसलूकी करते हुए हाथ उठा दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में बड़ा विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी बंटी यादव ने मंत्री के पीएसओ की सरकारी पिस्टल छीन ली और अपने गांव से दो दर्जन लोगों को बुला लिया।

करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने किया हमलाः करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने इसके बाद ना सिर्फ मंत्री मन्नू कोरी के काफिले पर हमला किया, बल्कि वाहन पर भी पथराव किया। इस हमले में काफिले में मौजूद सुरक्षाकर्मियों के साथ मंत्री मन्नू कोरी को भी मामूली चोट आई हैं। वहीं घटना के बाद मंत्री ग्वालियर के बिलौआ पुलिस थाने पहुंचे और उनके ड्राइवर ने करीब 15 हमलावर बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## जमुआ में कल्पना की सभा, बोलीं- तीर धनुष में झारखंड का मान और अभिमान



**गिरिडीह:** झामुमो से जमुआ विधानसभा के प्रत्याशी केदार हाजरा के पक्ष में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने जनसभा को संबोधित किया। सभा के दौरान लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो का तीर धनुष वीर शहीदों का इतिहास है। तीर धनुष दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का संग्राम है। यही तीर धनुष झारखंड का मान और अभिमान भी है।

उन्होंने कहा कि जमुआ विधानसभा से केदार हाजरा को भारी मतों से जीताना है और विधानसभा भेजना है। जिस तरह पूर्व में आपके जन मुद्दे को विधानसभा में उठाए हैं उसी तरह फिर से आप लोगों के जन मुद्दे पर काम करेंगे। इस दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कार्यक्रम स्थल से थाना मोड़ तक रोड शो भी किया और लोगों का अभिवादन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल चौधरी व संचालन प्रखंड सचिव मोजाहिद अंसारी ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, जिला प्रणव वर्मा, परिषद सदस्य बिमल कुमार सिंह, उस्मान अंसारी, दारा हाजरा, भाकपा माले नेता अशोक पासवान, कांग्रेस के अनिल चौधरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय, राजद के संगम यादव, विजय पांडेय, मीना दास, धोकल दास, श्यामदेव हाजरा, आरिफ रजा, पवन बिहारी यादव, माजो राय, राजेन्द्र नारायण देव, राजकिशोर राय, रामकिशुन हाजरा, रघुनन्दन सिंह आदि लोग मौजूद थे। बता दें कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी केदार हाजरा मैदान में हैं, जो भाजपा के टिकट पर यहां से 2005, 2014 और 2019 में विधायक रह चुके हैं। इस बार भाजपा की ओर से डॉ मंजू कुमारी चुनाव लड़ रही है।

## बहरागोड़ा: धूमधाम के साथ मनाई गई 150वीं बिरसा जयंती

**बहरागोड़ा :** शुक्रवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित नेताजी शिशु उद्यान परिसर में बहरागोड़ा सरना समिति के अध्यक्ष और भारत मुंडा समाज के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुंडा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिशु उद्यान में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तथा अन्य महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कृष्ण मुंडा ने इस मौके पर बिरसा मुंडा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साथ ही, खंडामौदा गांव में बिरसा समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में खंडामौदा पंचायत के मुखिया पंचानन मुंडा, सेवानिवृत्त शिक्षक कार्तिक चंद्र मुंडा, ईश्वर चंद्र मुंडा, शिक्षक भूतनाथ मुंडा ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और धूप-दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके अलावा, बहरागोड़ा प्रखंड सभागार में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती तथा प्रखंड और अंचल के कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी पंचायतों के पंचायत भवनों में भी बिरसा जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## भाजपाइयों ने बिरसा मुंडा को किया नमन

**आदित्यपुर :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने झारखंड गौरव दिवस मनाया। शुक्रवार को आदित्यपुर के इमली चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष देवेश महापात्र की अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय सरदार, आदित्यपुर मंडल उपाध्यक्ष संजीव सिंह, गणेश कालिंदी, निवर्तमान पार्षद बरजो राम हांसदा, रंजन सिंह, और आदित्यपुर मंडल के पदाधिकारी पवन महतो, अमन प्रसाद, महाजन साव आदि भी उपस्थित थे।

## एनआईटी जमशेदपुर में उद्योग-अकादमिक कॉन्क्लेव का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

सरायकेला : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में शुक्रवार को भारत के भविष्य के विकास के लिए दूरदर्शी थीम के साथ उद्योग-अकादमिक कॉन्क्लेव का शुभारंभ हुआ. जो 17 नवंबर तक चलेगा. इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया.

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भविष्य में उद्योग और अकादमिक इंजीनियरिंग कॉन्क्लेव के माध्यम से झारखंड में विकास संभव है. हम आशा करते हैं जो भी सरकार आएगी इस दिशा में अवश्य पहल करेगी. उन्होंने मीडियाकर्मियों के राजनीतिक पहलुओं से जुड़े सवालों को नकारते हुए कहा अभी इस संबंध में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा. बता दें कि एनआईटी के डायमंड जुबली लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में तीन दिनों का कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है. यह कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण है.

इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले शैक्षणिक कार्यक्रम विकसित करना, उद्यमिता को बढ़ावा देना, स्टार्टअप समर्थन, परामर्श और फंडिंग तक पहुंच के माध्यम से उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है. कॉन्क्लेव के दूसरे दिन कल 16 नवंबर को पूरे भारत के स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए एक मॉडल प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसमें 300 से अधिक छात्र भाग लेंगे. इसमें 60 से अधिक छात्र बाहरी हिस्सा ले रहे हैं. जिसके प्रतिभागियों के बीच एक लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए जाएंगे. कॉन्क्लेव में इलेक?ट्रानिक्स के क्षेत्र में एक हैकथॉन आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे भारत से लगभग 1600 छात्र शामिल हो रहे हैं.

## डीएवी में याद की गईं तीन विभूतियां

**चाईबासा :** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में धरती आबा बिरसा मुंडा, महात्मा नारायण दास ग्रोवर व सिखों के दसवें गुरु नानक देव जी याद किए गए. कार्यक्रम की शुरूआत इन महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई.

इस अवसर पर प्राचार्या रेखा कुमारी ने सभी को देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, बिरसा जयंती, गुरु नानक जयंती, नारायण दास ग्रोवर जयंती व झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे. उन्होंने जल, जंगल , जमीन और आदिवासियों के लिए अपने प्राणों की बलि दी.

शिक्षक एसबी सिंह ने एनडी ग्रोवर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने 200 से अधिक डीएवी विद्यालयों की स्थापना की. वे स्त्री शिक्षा व लड़कियों की निःशुल्क शिक्षा के लिए सदा प्रयासरत रहे.

शिक्षक रोहित कुमार द्विवेदी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने संदेश दिया कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है. श्री गुरु नानक देव की जयंती प्रत्येक वर्ष गुरु पर्व व प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है. कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया. हवन यज्ञ शिक्षक जयंत कुमार पण्डा ने संपन्न कराया व मंच संचालन शिक्षक अशोक महतो ने किया।

# झारखंड में दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को, 38 विधानसभा क्षेत्र की जनता 528 प्रत्याशियों की किस्मत का करेगी फैसला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में दूसरे चरण का मतदान आगामी 20 नवंबर को होगा। इस चुनाव में संथाल परगना और कोयलांचल की सीटों को जीतने के लिए सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक इस चुनाव में कुल 528 प्रत्याशियों की किस्मत 12 जिलों के 38 विधानसभा क्षेत्र की जनता तय करने वाली है। इस चुनाव में कुल 12390667 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




सबसे अधिक प्रत्याशी धनवार सीट पर

आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा धनवार सीट पर पूर्व सीएम और वर्तमान में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित 24 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं सबसे कम देवघर सीट पर महज सात प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

दूसरे चरण में बीजेपी के 32 प्रत्याशी मैदान में

दलगत आधार पर नजर दौड़ाएं तो इस चुनाव में सबसे ज्यादा राष्ट्रीय पार्टी में भारतीय जनता पार्टी ने 32 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। उसके बाद बहुजन समाज पार्टी के कुल 24 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बात यदि कांग्रेस की करें तो 13 सीटों पर इस चुनाव में पार्टी ने उम्मीदवार को उतारा है। क्षेत्रीय दलों में सबसे ज्यादा झारखंड मुक्ति मोर्चा के 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं आजसू ने छह प्रत्याशी और राष्ट्रीय जनता दल ने दो प्रत्याशी को उतारा है। इस तरह में भी निर्दलीयों की संख्या काफी है। 257 प्रत्याशी बगैर कोई दल के स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरे हैं।

14218 बूथों पर सुबह सात बजे से होगा मतदान

दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग ने 12 जिलों के 38 विधानसभा क्षेत्र में कुल 14218 मतदान केंद्र बनाए हैं। जिसमें शहरी क्षेत्र में 2414 और ग्रामीण क्षेत्र में 11804 मतदान केंद्र हैं। इन मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से 20 नवंबर को मतदान शुरू होगा। सुरक्षा के लिहाज से चुनाव आयोग ने 31 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराने का निर्णय लिया है। जिसमें सर्वाधिक दुमका विधानसभा क्षेत्र में 10 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां 4 बजे तक वोटिंग होगी। इसके अलावा सुबह 7 बजे से 5 बजे तक 14187 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने तैयारी पूरी होने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के दौरान सभी 14218 बूथों से वेब कास्टिंग होगी। इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर अंदर और बाहर कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही इन कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम के जरिए मतदान के दिन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

# भगेरिया फाउंडेशन का 14वां मेगा ब्लड डोनेशन कैंप




**बिनय मिश्रा**

**चक्रधरपुर।** 17 नवम्बर रविवार को भगेरिया फाउंडेशन का 14वां मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होगा। जिसकी जानकारी गुरूवार की शाम शहर सोनुआ रोड स्थित गायत्री कुंज भगेरिया फार्म हाउस में विनोद भगेरिया तथा मनोज भगेरिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी उन्होंने कहा कि रक्तदान गायत्री कुंज भगेरिया फार्म हाउस थाना रोड में लगेगा। वहीं कैंप में सिंहभूम गौरव सम्मान के तहत शिक्षा, समाज एवं खेल-कूद में अग्रणी योगदान के लिए सम्मान किए जाऐंगे। उन्होंने रक्तदाताओं से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेगा ब्लड कैंप को सफल बनाऐं। उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर की सुबह 8 बजे प्रभात मार्च निकाला जाएगा। प्रभात मार्च पवन चैक से चलकर गायत्री कुंज थाना रोड परिसर पहुंचेगा। जिसमें शहरवासी सम्मिलित होकर रक्तदान को प्रोत्साहन करेंगे। इसके अलावे राष्ट्रीय ऑर्गन एंड टिश्यू प्रत्यारोपण आग्रेनाईजेशन (नोटो) भारत सरकार के इस विशेष पहल में अपना योगदान दे सकते हैं जिसको लेकर कैंप में व्यवस्था रहेगी जिन्हें नेत्र दान करना है या ऑर्गन एंड टिश्यू दान करना है वह परिवार के साथ पहुँचे। उन्होंने कहा कि इस योगदान से लाखों दिव्यांग की जिंदगी रोशन होगा। उन्होंने कहा कि आँखें हमें न सिर्फ रोशनी देती है, बल्कि हमें अपने मृत्यु के बाद भी किसी और की जिंदगी को भी रोशन कर सकते हैं, नेत्रदान कर उन्हे एक नयी जिंदगी दे सकता है। इस छोटी सी पहल के सारथी बने तथा नेत्र दान कर उन लाखों लोगों की जिंदगी को रोशन करें एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर मे शामिल होकर रक्तदान एवं नेत्रदान के लिए जागरूक करें। मौके पर विजय मेलगांडी, प्रदीप भगेरिया, विनोद गुप्ता, राजेश अजबानी, प्रशांती साह, आर. श्रीकांत राव आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर में अंधाधुंध फायरिंग, आपसी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या




जमशेदपुरः जमशेदपुर में आपसी रंजिश में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं इस घटना में एक युवक की पैर में गोली लगी है। घटना ओलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना रोड स्थित उमा टिफिन के पास की है। जहां अपराधियों ने आधी रात को अंधाधुंध फायरिंग की और टोनी सिंह नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में विष्णु नामक युवक के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार टोनी सिंह अपने दोस्तों के साथ डिमना रोड स्थित उमा टिफिन के पास खड़ा था, इसी दौरान एक काले रंग की गाड़ी उसके आसपास घूमती रही। यह घटना आधी रात को हुई। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और उसे घेरकर फायरिंग शुरू कर दी, इससे पहले कि टोनी सिंह कुछ समझ पाता अपराधी ने उसके सिर में गोली मार दी। इस दौरान वहां मौजूद विष्णु नामक युवक के भी पैर में गोली लग गई।

घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार सभी अपराधी वहां से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने टोनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल विष्णु का इलाज टीएमएच में चल रहा है। पुलिस ने मौके से एक कार जब्त की है। इस मामले में ओलीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश के कारण यह घटना हुई है।

### धनबाद के टुंडी विधानसभा में गरजे रक्षा मंत्री, कहा

## मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार से झारखंड की प्रतिष्ठा पर लगा दाग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** जिले के टुंडी विधानसभा क्षेत्र के टुंडी हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से बीजेपी प्रत्याशी विकास कुमार महतो को वोट देने की अपील की।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस, जेएमएम और महागठबंधन के अन्य सहयोगी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने झारखंड में भ्रष्टाचार को लेकर हेमंत सोरेन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। इससे झारखंड की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान कहा कि लोगों के मन में पक्का विश्वास है कि झारखंड में दो तिहाई बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और स्थायी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय योजनाओं का लाने का काम अगर बीजेपी ने किया है तो वह झारखंड की धरती से ही किया है। वंदे भारत ट्रेन भी झारखंड की धरती पर चली है। हमारे पीएम मोदी ने झारखंड में पहली बार वंदे भारत ट्रेन चलाई है।

उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण कितनी तेजी के साथ हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैं 25 वर्षों से झारखंड आ रहा हूं और देख रहा हूं। अगर पांच साल और बीजेपी की सरकार यहां रहती तो हर गांव पक्की सड़कों से जुड़ जाता, लेकिन यहां सरकार कांग्रेस, जेएमएम और राजद की बन गई। पांच वर्षों में इन्होंने झारखंड का क्या हाल बना दिया। इनकी सरकार बनने के बाद आपकी प्रतिष्ठा पर दाग लग गया है। यहां के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में जेल की हवा खानी पड़ी और मुख्यमंत्री कहते है हमारा दोष नहीं है, हमारी गलती नहीं है।

उन्होंने कहा कि विकास कुमार महतो को एक अगर चुनकर विधानसभा में भेजने का काम करते हैं,तो आपकी समस्याओं को सदन में रखने का काम करेंगे। उन्होंने टुंडी विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी विकास कुमार महतो को जीत दिलाने की अपील मौजूद लोगों से की।

## पाकुड़ में गरजे केंद्रीय मंत्री शिवराज, कहा- घुसपैठिए बर्दाश्त नहीं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

पाकुड़ः जिले के लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हिरणपुर फुटबॉल मैदान में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जनसभा हुई। आयोजित जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पश्चिम बंगाल के उत्तर मालदा सांसद खगेन मुर्मू मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माला पहना कर उनका स्वागत किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार ने जनता को छलने का काम किया और इस बार जनता बदलाव के मूड में है, इसलिए प्रथम चरण के हुए चुनाव में भाजपा को भारी मत मिला है। उन्होंने कहा कि आगामी 23 नवंबर को झारखंड की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा और सरकार हमारी पार्टी बनाने जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह दे रही है और उसके नेता उन्हें मुफ्त में सिलेंडर देने की बात कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सभी घुसपैठियों को चुन चुन कर देश से बाहर निकालने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हमारे प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू को जिताएं और सरकार बनाने में मदद करें। हम जनता को वो सुविधा देंगे जो वर्तमान सरकार नहीं दे पाई है।

वहीं भाजपा में शामिल हुए विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने कहा कि मेरे परिवार ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को बनाया और आज हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाई। मेरा ही टिकट काट दिया गया और पार्टी से जब सवाल पूछा तो हमें निष्काषित कर दिया, तो हमे जहां मान सम्मान मिलेगा वहीं हम जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमें सम्मान दिया इसलिए हम पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन खुद झारखंडी नहीं हैं। उनका परिवार तो पश्चिम बंगाल से झारखंड आकर बसा है। इसलिए यहां के लोगों का दुख और दर्द क्या समझेंगे। दिनेश विलियम मरांडी ने कहा कि इस बार लिट्टीपाड़ा ही नहीं बल्कि झारखंड में सबसे खराब स्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा की होगी। मौके पर पार्टी प्रत्याशी बबुधन मुर्मू, दुर्गा मरांडी सहित कई वक्ताओ ने भी जनसभा को संबोधित किया।

# जामताड़ा में भाजपा के खिलाफ गरजे सांसद पप्पू यादव और सीएम हेमंत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामताड़ाः** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर राजनीतिक दल रेस है। इसको लेकर शुक्रवार को जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के दो बड़े नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार किया। जामताड़ा में सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी तो नाला सीट से खड़े झामुमो प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाला।

कांग्रेस प्रत्याशी सह ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी के पक्ष में सांसद पप्पू यादव चुनावी सभा में भाग लिया। इस चुनावी सभा में सांसद पप्पू यादव ने हेमंत सोरेन को नेक इंसान बताते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को जिंदा रखना है तो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट दें अन्यथा नरेंद्र मोदी, अमित शाह, हिमंता बिस्वा सरमा अडानी-अबानी जैसे प पांच लोग आएंगे और झारखंड के आदिवासी दलित के इतिहास को मिटा देंगे। यदि झारखंड के आदिवासी दलित के इतिहास को बचा के रखना है तो हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने का काम करें।

सभा में सांसद पप्पू यादव नें भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अटल जी के शासनकाल में 22% फैक्ट्री बंद हुई। उन्होंने कहा कि सबसे पहला फैक्ट्री इसीसी फैक्ट्री बंद हुआ। एक



लाख मजदूर बेकार हुए जिसमें सबसे ज्यादा आदिवासी दलित मजदूर थे। घुसपैठ के सवाल पर सांसद ने कहा कि झारखंड की सीमा से सटा न बांग्लादेश है ना पाकिस्तान है। बांग्लादेश असम में है। उन्होंने भूगोल का ज्ञान देते हुए कहा कि जब झारखंड की सीमा से सटा न बांग्लादेश और पाकिस्तान नहीं है तो घुसपैठ हुआ कैसे।

संथाल परगना में झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन अपने गढ़ में पूरी ताकत झोंकी दी है। नाला विधानसभा में शुक्रवार को अपने झामुमो प्रत्याशी झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के पक्ष में सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा की। जहां उन्होंने अपने पार्टी प्रत्याशी को फिर से विधायक बनाने और फिर से झारखंड में गठबंधन की सरकार बनाने की लोगों से अपील की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ?1000 महिलाओं के खाते में दिए जाने की चर्चा की। सीएम ने कहा कि फिर से गठबंधन की सरकार बनाइए तो अगले 5 साल के लिए प्रत्येक महिला के खाते में एक-एक लाख रुपया देने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 20 साल तक भाजपा ने राज्य में शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कुछ काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि बिजली बिल का बोझ जो गरीबों पर कंधे पर था, उसको हमने माफ किया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा वाले बिहार, बंगाल और झारखंड को बांटने का काम कर रहे हैं। साथ ही समाज में हिंदू, मुस्लिम, आदिवासी गैर आदिवासी के बीच तनाव फैलाने का भी आरोप लगाया।